हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्ष: 7, अंक: 343, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 6 जून, 2023 दिन मंगलवार गाजीपुर/वाराणसी

## 32 साल पुराने मामले में मुख्तार अंसारी को आजीवन कारावास

### 1 लाख जुर्माना भी लगा, वाराणसी एमपी-एमएलए कोर्ट ने मुख्तार को दोषी करार दिया

वाराणसी। 32 साल पुराने अवधेश राय हत्याकांड में वाराणसी एमपी-एमएलए कोर्ट ने मुख्तार अंसारी को दोषी करार दिया है। विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) अवनीश गौतम की अदालत ने माफिया मुख्तार को आजीवन कारावास के साथ एक लाख जुमार्ना भी लगाया है। वाराणसी और प्रयागराज में हुआ मुकदमे की सुनवाई लहुराबीर क्षेत्र में तीन अगस्त 1991 को पूर्व विधायक अजय राय के बड़े भाई अवधेश राय की घर के बाहर दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अजय राय ने इस हत्याकांड को लेकर मुख्तार अंसारी, पूर्व विधायक अब्दुल




कलाम, भीम सिंह, कमलेश सिंह व राकेश न्यायिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। सुनवाई की प्रक्रिया पूरी होने पर अदालत ने उक्त मुकदमे में फैसले के लिए पांच जून की तिथि मुकर्रर की थी। विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) अवनीश गौतम की अदालत में लंबित मुकदमे में पिछली सुनवाई पर मुख्य आरोपित पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के वकील श्रीनाथ त्रिपाठी ने 41 पृष्ठ में अपनी लिखित बहस अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया था। बचाव पक्ष ने अपनी लिखित बहस में वादी मुकदमा, एक अन्य गवाह व विवेचक द्वारा घटना का समय बताने को लेकर अभियोजन के दावे पर प्रश्न खड़ा किया था। वहीं बांदा जेल में बंद मुख्तार अंसारी ने अपने वकील के जरिए अदालत में प्रार्थना पत्र देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। 19 मई को जेल में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई का सीसीटीवी फुटेज तलब करने का अदालत से आग्रह किया है। अपने प्रार्थना पत्र में कहा है कि जेल अब मेरे लिए सुरक्षित नहीं है। मेरे साथ कुछ भी हो सकता है।

## अभी जेल में ही रहेंगे मनीष सिसोदिया, दिल्ली हाईकोर्ट से जमानत याचिका खारिज

नई दिल्ली। कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉड्रिंग मामले में आरोपी पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को दिल्ली हाईकोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने आज सोमवार को मनीष सिसोदिया को अंतरिम जमानत खारिज कर दी है। यह फैसला न्यायाधीश दिनेश कुमार शर्मा की एकल पीठ ने दिया है। इससे पहले बीते शनिवार को कोर्ट ने अंतरिम जमानत पर फैसला सुरक्षित रखा था। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने अपनी पत्नी की स्वास्थ्य के आधार पर 6 हफ्ते की अंतरिम जमानत मांगी थी। वहीं, ईडी ने सिसोदिया की अंतरिम जमानत का विरोध किया था। जमानत याचिका खारिज करते हुए हाईकोर्ट ने सिसोदिया को कुछ राहत भी दी है। हाईकोर्ट ने कहा कि वह पुलिस हिरासत में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक अस्पताल या घर पर अपनी पत्नी से मिल सकते हैं। हाईकोर्ट ने निर्देश दिया कि सिसोदिया की पत्नी को बेहतर उपचार प्रदान किया जाए। यह मरीज और उनके परिजनों पर निर्भर है कि उपचार कहां से कराया जाए। कोर्ट ने सुझाव दिया है कि एम्स के चिकित्सा अधीक्षक द्वारा गठित डॉक्टरों के बोर्ड द्वारा सिसोदिया की पत्नी की जांच की जा सकती है।

## महाराष्ट्र में शिवसेना और भाजपा मिलकर लड़ेंगी चुनाव

मुंबई। महाराष्ट्र में शिवसेना और भाजपा आगामी चुनाव साथ मिलकर लड़ेंगी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने यह जानकारी दी है। बता दें कि रविवार को सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। सीएम शिंदे ने इस मुलाकात की तस्वीर अपने सोशल मीडिया अकाउंट से साझा भी की है। शिंदे ने ट्वीट में लिखा कि 'हमने फैसला किया है शिवसेना और भाजपा आगामी चुनाव जिनमें लोकसभा, विधानसभा, स्थानीय निकाय चुनाव मिलकर लड़ेंगे।' शिंदे ने कहा कि शिवसेना-भाजपा गठबंधन महाराष्ट्र के विकास के लिए बना है और यह मजबूत है। भविष्य में भी हम साथ चुनाव लड़ेंगे और बहुमत से जीतकर महाराष्ट्र के हर क्षेत्र में देश का नंबर एक राज्य बनाना है। साथ ही विकास की दौड़ को भी बरकरार रखना है। अमित शाह से मुलाकात पर शिंदे पर बताया कि कई मुद्दों जैसे कृषि और सहकारिता आदि पर बात हुई। शिंदे ने कहा कि राज्य में अधूरे पड़े कामों में तेजी लाई जाएगी और जल्द ही उन्हें पूरा कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम हमेशा प्रधानमंत्री मोदी से विभिन्न प्रोजेक्ट्स पर सलाह लेते हैं। सहकारिता के मुद्दे पर भी अमित शाह से बातचीत हुई।

## बड़े पैमाने पर पर्यावरण पर ध्यान केंद्रित कर रहा भारत

### विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बोले पीएम मोदी

नई दिल्ली। आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंदौर के सिरपुर और यशवंत सागर तालाब का वर्चुअल निरिक्षण किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने पर्यावरण के महत्व के बारे बात की। उन्होंने कहा कि भारत अपने विकास के लिए किसी अन्य क्षेत्र की तरह बड़े पैमाने पर पर्यावरण पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। भूजल संरक्षण के बारे में बात करते हुए पीएम मोदी ने बताया कि रामसर योजना भविष्य में ईको टूरिज्म के बड़े केंद्र बने रहेंगे। इस अवसर पर सांसद शंकर लालवानी और महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मालिनी गौड़, महापौर परिषद के सदस्य भी उपस्थित रहे। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बोलते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि अगर भारत ने अपने 4जी और 5जी टेलीकॉम नेटवर्क का विस्तार किया है, तो इसने अपने वन क्षेत्र को भी समान स्तर पर बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि भारत वर्तमान जरूरतों और भविष्य की दृष्टि के बीच संतुलन बनाए रखते हुए पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के स्पष्ट रोडमैप के साथ आगे बढ़ रहा है। जानकारी के लिए बता दें कि इस साल विश्व पर्यावरण दिवस की थीम सिंगल यूज प्लास्टिक से छुटकारा



पाना है। यह एक ऐसा मुद्दा है, जिसके बारे में आज पूरी दुनिया बात कर रही है, लेकिन भारत पिछले चार-पांच सालों से लगातार इस पर काम कर रहा है।

**सिंगल यूज प्लास्टिक से मिला निजात**- पीएम मोदी ने कहा, '2018 में ही भारत ने सिंगल यूज प्लास्टिक से निजात पाने के लिए दो स्तरों पर काम करना शुरू किया था। एक तरफ हमने सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया और दूसरी तरफ हमने प्लास्टिक वेस्ट प्रोसेसिंग को अनिवार्य कर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत अपने विकास के लिए किसी अन्य क्षेत्र की तरह बड़े पैमाने पर पर्यावरण पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। एक तरफ हमने गरीबों की मदद की है और दूसरी तरफ भविष्य की ईंधन जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बड़े कदम भी उठाए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में, भारत ने 'हरित और स्वच्छ ऊर्जा' पर बहुत ध्यान केंद्रित किया है।'

**भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने किया पौधारोपण**- विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने भी दिल्ली में आज पौधारोपण किया।सीआइआइ और यंग इंडियन संगठन ने पर्यावरण दिवस के अवसर पर 4 मई को रिंग रोड स्थित शहीद पार्क पर 200 पौधारोपण किया। इसमें जामुन, बादाम, नीम, पीपल सहित कई पौधे शामिल थे। सीआइआइ और वायआइ ने अगले दो माह तक लगभग 4800 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। समारोह में शामिल सीआइआइ-वायआइ के चेयरमेन ने बताया कि दो साल तक शहीद पार्क का रखरखाव भी किया जाएगा।

## पहलवानों और अमित शाह की मुलाकात के बाद सिब्बल का तंज, कहा- 'नहीं होगी कोई गिरफ्तारी...'

नई दिल्ली। डब्ल्यूएफआई के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कार्रवाई की पहलवानों की मांग के बीच राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने सोमवार को सरकार पर निशाना साधा। साथ ही, उन्होंने भविष्यवाणी की कि भाजपा सांसद को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा और सिर्फ एक हल्की चार्जशीट दाखिल कर उन्हें जमानत दे दी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट में प्रदर्शनकारी पहलवानों का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता सिब्बल ने प्रदर्शनकारी पहलवानों के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा शनिवार देर रात केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से कथित तौर पर हुई मुलाकात के बाद हमला बोला। पहलवान बजरंग पूनिया के हवाले से बताया गया कि पहलवानों के प्रतिनिधिमंडल ने शाह से मुलाकात की। एक ट्वीट में सिब्बल ने कहा, "अमित शाह ने पहलवानों की टीम से मुलाकात की। समाधान के लिए कुश्ती। मेरी भविष्यवाणी: कोई गिरफ्तारी नहीं। कपटपूर्ण चार्जशीट



दायर की जाएगी। बृजभूषण को जमानत दी जाएगी। फिर वे कहेंगे कि मामला विचाराधीन है! " दिल्ली पुलिस ने 28 अप्रैल को भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान प्रमुख बृजभूषण सिंह के खिलाफ कनॉट प्लेस पुलिस थाने में दो प्राथमिकी दर्ज की थी, जिसमें एक नाबालिग पहलवान के पिता की शिकायत के आधार पर यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण के तहत दर्ज किया गया था, जिसमें आरोपी को कम-से-कम सात साल की सजा होती है। सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के बाद दर्ज की गई प्राथमिकी में उन पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाया गया है, जिसमें एक महिला का शील भंग करने के लिए उस पर हमला करना (धारा 354), यौन उत्पीड़न (354ए) और पीछा करना (354डी) शामिल है, जिसके तहत दो-तीन साल जेल की सजा होती है। कुछ ऐसी शिकायतें भी दर्ज की गई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि बृजभूषण ने महिला पहलवानों से शारीरिक फायदा लेने की कोशिश की और उनसे वादा किया कि वे सभी महिला पहलवानों की करियर में मदद करने और आगे बढ़ने में मदद करेंगे।

## महाभारत के 'मामा शकुनि' के निधन से शोक में डूबी इंडस्ट्री

नई दिल्ली। महाभारत के मामा शकुनि का किरदार निभाने वाले दिग्गज अभिनेता गूफी पेंटल ने दुनिया को अलविदा कह दिया है। दिल की बीमारी के कारण उन्हें हाल ही में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उन्होंने 5 जून को 78 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। गुफी पेंटल ने अपने करियर में कई टीवी सीरियल और फिल्म में काम किया, लेकिन जो पहचान उन्हें महाभारत ने दिलाई वो कोई और ना कर पाया। एक्टर के निधन पर कई सेलेब्स ने रिएक्ट किया है और सोशल मीडिया पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। बॉलीवुड एक्ट्रेस निमरत कौर ने ट्विटर पर पोस्ट शेयर करते हुए गुफी पेंटल की एक तस्वीर शेयर की। शोक व्यक्त करते हुए उन्होंने लिखा, "हमारे बचपन के दिनों से कभी ना भूलने वाले शकुनी मामा ङ्क भारतीय सिनेमा जगत में शानदार योगदान देने वाले। आपके परिवार के लिए प्रार्थना करती हूं, भगवान उन्हें शक्ति दे। आपकी आत्मा को शांति मिले गुफी पेंटल जी।" गुफी पेंटल के रिश्तेदार और एक्टर हितेन पेंटल ने एक्टर के निधन की खबर देते हुए लिखा, "हमें ये बताते हुए बेहद दुख हो रहा है कि गुफी पेंटल (शकुनि मामा) का उनके परिवार के बीच निधन हो गया है। आप हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे। आपकी आत्मा को शांति मिले।" पैपराजी वीरल भयानी ने भी गुफी पेंटल के निधन पर इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर किया। जहां



एक्टर के फैंस ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा बिग बॉस फेम एक्टर मनु पंजाबी ने भी शोक व्यक्त किया। पोस्ट पर रिएक्ट करते हुए उन्होंने गुफी पेंटल की आत्मा की शांति की कामना की। गुफी पेंटल के वर्क फ्रंट की बात करें तो महाभारत के अलावा उन्होंने बहादुर शाह जफर, कर्मफल दाता शनि, अकबर बीरबल, द्वारकाधीश भगवान श्री कृष्ण और भारत का वीर पुत्र महाराणा प्रताप जैसे शोज में काम किया।

## साक्षी रेलवे में नौकरी पर वापस लौटीं, कहा- आंदोलन से न हटे हैं न हटेंगे, इंसाफ मिलने तक जारी रहेगी लड़ाई

नई दिल्ली। भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले में कार्रवाई करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों को सोमवार को तगड़ा झटका लगा है। साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया ने आंदोलन से खुद को अलग कर लिया है। वे अब अपनी नौकरी में वापसी लौट गए हैं। साक्षी रेलवे में नौकरी करती हैं। बता दें, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया समेत तमाम पहलवान बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कार्रवाई को लेकर 23 अप्रैल से जंतर मंतर पर धरने पर बैठे थे। इससे पहले, जनवरी में उन्होंने धरना दिया था, लेकिन केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के आश्वासन के बाद उन्होंने धरना खत्म कर दिया था। बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ 21 अप्रैल को सात महिला पहलवानों ने दिल्ली के कनॉट प्लेस थाने में यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी,



जिसके बाद पुलिस ने 28 अप्रैल को बृजभूषण के खिलाफ दो मामले दर्ज किए। इनमें पाक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामला भी शामिल है, जिसे नाबालिग द्वारा लगाए गए आरोप पर दर्ज किया गया। वहीं, दूसरा मामला अन्य पहलवानों द्वारा दर्ज आरोपों से संबंधित है। बृजभूषण शरण सिंह पर लगाए गए आरोपों की जांच दिल्ली पुलिस कर रही है, लेकिन एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी एसआईटी को कोई ऐसा सुबूत नहीं मिला है, जिनसे बृजभूषण पर लगाए आरोप ठोस तरीके से साबित हो रहे हों। पुलिस सूत्रों की मानें तो अब यह मामला पहलवानों के ही खिलाफ जा सकता है, क्योंकि नाबालिग शिकायतकर्ता के बालिग होने के साथ यह भी खुलासा हुआ है कि उसे नाबालिग बताने के लिए फर्जी दस्तावेजबनाए गए थे। बृजभूषण के खिलाफ छेड़खानी व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराने का यही आधार था।

## सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे बांग्लादेश के दो दिवसीय दौरे पर, शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ होगी बातचीत



नई दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे सोमवार को बांग्लादेश के दो दिवसीय दौरे पर रवाना हुए। मुख्य रूप से द्विपक्षीय रक्षा और सुरक्षा संबंधों को और विस्तार देने के लिए पड़ोसी देश के शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ बातचीत होगी। सेना प्रमुख के रूप में यह जनरल पांडे की दूसरी बांग्लादेश यात्रा है। उन्होंने शीर्ष पद का कार्यभार संभालने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर पिछले साल जुलाई में देश का दौरा किया था। सेना ने कहा, "यात्रा के दौरान, सेना प्रमुख बांग्लादेश के वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व से मिलेंगे, जहां वह भारत-बांग्लादेश रक्षा संबंधों को और बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करेंगे।" मंगलवार को जनरल पांडे चटोग्राम में बांग्लादेश मिलिट्री एकेडमी (बीएमए) में 84वें 'लॉन्ग कोर्स' के ऑफिसर कैडेट्स की पासिंग आउट परेड (पीओपी) की समीक्षा करेंगे। परेड के दौरान, सेना प्रमुख बीएमए से पासिंग आउट कोर्स के मित्र देशों के सर्वश्रेष्ठ विदेशी कैडेट के लिए स्थापित 'बांग्लादेश भारत मैत्री ट्रॉफी' प्रदान करेंगे। इस वर्ष की पहली ट्रॉफी तंजानिया के अधिकारी कैडेट एवर्टन को प्रदान की जा रही है। सेना प्रमुख की अन्य व्यस्तताओं में बांग्लादेश सेना के सेना प्रमुख और सशस्त्र बल प्रभाग के प्रधान कर्मचारी अधिकारी के साथ औपचारिक बातचीत शामिल है।

## देवभूमि का बेटा कैसे बना यूपी का मुख्यमंत्री, 29 साल में भूमिकाएं बदली तो हर बार रचा इतिहास

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज 51 वर्ष के हो गए। गोरखपुर सहित पूरे देश में उनके चाहने वाले सीएम का जन्मदिन मना रहे हैं। इंटरनेट मीडिया पर बधाइयों का तांता लगा है। हालांकि योगी आदित्यनाथ नाथ परंपरा के अनुपालन में अपना जन्मदिन नहीं मनाते। आज यानी सोमवार की सुबह रुद्राभिषेक के साथ सीएम योगी ने गोरखनाथ मंदिर में दिन की शुरूआत की। आमतौर पर संन्यासी का विचार मन में आते ही धर्मस्थल पर बैठकर आराधना कर रहे साधु या योगी का भाव मन- मस्तिष्क में उभरता है। इस प्रचलित धारणा को तोड़ने का काम अगर किसी ने किया है तो वह हैं योगी आदित्यनाथ। पिछले 29 वर्ष से लगातार उन्होंने अपने कार्यों से यह साबित करने की सफल कोशिश की है कि धर्मस्थल पर बैठकर आराध्य की उपासना करने के स्थान पर अपने ईष्ट द्वारा स्थापित लोक कल्याण के सद्मार्ग पर अहर्निश चलते रहना ही एक संन्यासी का वास्तविक धर्म है, जिसका पालन उन्होंने सदैव किया है। संन्यासी के रूप में विधिवत दीक्षित होने के बाद 29 वर्षों में उनकी भूमिकाएं भले ही बदली हों लेकिन योगी के



लोक कल्याण की आराधना का ध्येय नहीं बदला। पांच जून 1972 को देवभूमि उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल के पंचूर गांव में वन विभाग के अधिकारी आनंद सिंह बिष्ट के घर जन्मे अजय सिंह बिष्ट के योगी आदित्यनाथ नाम के संन्यासी बनने की कहानी राष्ट्रवादी विचारधारा और लोककल्याण की भावना से ही जुड़ी है। जीवन की तरुणाई में ही उनका रुझान राम मंदिर आंदोलन की ओर हो गया। इसी सिलसिले में वह तत्कालीन गोरक्षपीठाधीश्वर ब्रह्मलीन अवेद्यनाथ के संपर्क में आए। अवेद्यनाथ के सानिध्य में नाथ पंथ के विषय में मिले ज्ञान से योगी के जीवन में ऐसा बदलाव आया कि उन्होंने संन्यास का निर्णय ले लिया और 1993 में गोरखनाथ मंदिर आ गए और पंथ की परंपरा के अनुरूप अध्यात्म की तात्विक विवेचना और योग-साधना में रम गए। नाथ पंथ के प्रति निष्ठा और साधना देखकर महंत अवेद्यनाथ ने 15 फरवरी 1994 को गोरक्षपीठ का उत्तराधिकारी बना दिया। गोरक्षपीठ के उत्तराधिकारी के तौर पर योगी ने पीठ की लोक कल्याण और सामाजिक समरसता के ध्येय को विस्तारित किया ही, महंत अवेद्यनाथ के ब्रह्मलीन होने के बाद जब 14 सितंबर 2014 को गोरक्षपीठाधीश्वर बने तो यह पूरी तरह से उनके कंधे पर आ गई, जिसे वह बखूबी निभा रहे हैं। इसी भूमिका के तहत ही वह अखिल भारतीय बारह वेश पंथ योगी सभा के अध्यक्ष भी हैं। मात्र 22 साल की उम्र में अपने परिवार का त्याग कर पूरे समाज को परिवार बना लेने वाले योगी आदित्यनाथ ने लोक कल्याण को ध्येय बनाने के क्रम में ही अध्यात्म के साथ-साथ राजनीति में भी कदम रखा और मात्र 26 की उम्र में लोकसभा के सबसे कम उम्र के सदस्य बन गए। फिर तो राजनीति में उनके कदम जो बढ़े, वह बढ़ते ही गए। गोरखपुर की जनता ने योगी को लगातार पांच बार अपना सांसद चुना।

## अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर, राजनाथ सिंह के साथ की द्विपक्षीय बैठक

नई दिल्ली। संयुक्त राज्य अमेरिका के रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में तिनों सेना के गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। ऑस्टिन रविवार को भारत पहुंचे और आज राजनाथ सिंह से मुलाकात की। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन रविवार (4 जून) को सिंगापुर से भारत पहुंचे। पेंटागन प्रमुख की अगवानी भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गासेर्टी ने की। लॉयड ने भारत पहुंचकर अपने चार देशों के दौरे के तीसरे चरण की शुरूआत की है। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ने ट्वीट किया, "हमारी (भारत-अमेरिका की) प्रमुख रक्षा साझेदारी को मजबूत करने के बारे में चर्चा के लिए प्रमुख नेताओं से मिलने के लिए मैं भारत लौट रहा हूं। हम साथ में मुक्त और खुले हिंद-प्रशांत के लिए एक साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ा रहे हैं।" ऑस्टिन की यात्रा प्रमुख रूप से भारत-अमेरिका के नए रक्षा नवाचार और औद्योगिक सहयोग की पहल को आगे बढ़ाने और अमेरिका और भारतीय सेनाओं के बीच परिचालन सहयोग का विस्तार करने के प्रयासों को जारी रखने पर केंद्रित होगी। लॉयड ऑस्टिन का भारत दौरा इसलिए भी अहम माना जा रहा है क्योंकि इसी महीने के अंत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका जाएंगे। भारत आने से पहले ऑस्टिन ने सिंगापुर में शांगरी-ला डायलॉग में हिस्सा लिया।



## संपादकीय

### भारतीय रेल को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने का दावा हकीकत से दूर

ओड़ीशा के बालासोर में हुआ रेल हादसा यह बताने के लिए काफी है कि भारतीय रेल को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने का दावा चाहे कितना भी किया जाए, लेकिन यह सपना अभी हकीकत से दूर है। एक साथ तीन रेलगाड़ियों का आपस में टकराना इस बात की पुष्टि है कि या तो रेलगाड़ियों के परिचालन के प्रबंधन में घनघोर लापरवाही बरती गई या फिर रखरखाव और सुरक्षा के इंतजामों में व्यापक खामी है। खबरों के मुताबिक, शनिवार शाम को यशवंतपुर से हावड़ा जा रही दुरंतो एक्सप्रेस के कुछ डिब्बे पटरी से उतर गए और विपरीत दिशा से आ रहे कोरोमंडल एक्सप्रेस से टकरा गए। इसके बाद दूसरी रेलगाड़ी की कई बोगियां भी पटरी से उतर गईऔर वहीं खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई। इस तरह एक साथ तीन रेलगाड़ियों की टक्कर हो गई और सिर्फ इतने से ही हादसे की भयावता का अंदाजा लगाया जा सकता है। इस दुर्घटना में दो सौ पिचहत्तर लोगों की जान चली गई और ग्यारह सौ पिचहत्तर लोग घायल हो गए। सवाल है कि जिस दौर में समूची रेल व्यवस्था को आधुनिकतम स्वरूप देने की बात की जा रही हो, उसके बारे में इस घटना के बाद क्या राय बनेगी! इस हादसे के बाद स्वाभाविक ही इस बात पर भी चर्चा हो रही है कि चलती ट्रेन को सामने से आ रही किसी ट्रेन से टकराने से रोकने के लिए जिस कवच नाम की व्यवस्था के इस्तेमाल की बात हो रही थी, क्या उसका दायरा और उसकी उपयोगिता अभी सीमित है? हालांकि इस घटना के बारे में आई खबरों में बताया गया कि एक रेलगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतर गए और इस वजह से हादसा हुआ। लेकिन क्या दुर्घटना वाले मार्ग पर कवच की व्यवस्था थी? इसके समांतर इस बात की पड़ताल करने की जरूरत है कि ट्रेन के बेपटरी होने का क्या कारण है। क्या पटरियों में पहले से कोई खामी थी, उससे कोई छेड़छाड़ की गई थी या फिर ट्रेन के परिचालन में कोई ऐसी चूक या लापरवाही हुई, जिसकी वजह से डिब्बे पटरी से उतरे। वजह चाहे जो हो, लेकिन सच यह है कि ट्रेन के सफर को सुरक्षित मान कर अपने-अपने घर या किसी गंतव्य के लिए चले बहुत सारे लोगों की जान चली गई या वे बुरी तरह हताहत हुए। सवाल है कि क्या इस चूक के लिए किसी की जिम्मेदारी तय की जाएगी! दरअसल, पहले हुए इसी तरह के हादसों के मद्देनजर ऐसे इंतजाम किए जाने की जरूरत महसूस की गई थी कि अगर कभी ट्रेनों में आमने-सामने टक्कर की स्थिति बने तो कवच की मदद से उससे बचा जा सके। कवच का पूर्व परीक्षण भी हो चुका है। लेकिन अगर ताजा रेल दुर्घटना के बारे में शुरूआती कारणों को ध्यान में रखें तो ऐसा लगता है कि बचाव के इंतजामों पर नए सिरे से विचार करने की जरूरत है। हाल के दिनों में रेलयात्रा को बेहतर करने के क्रम में इस बात पर भी ज्यादा जोर दिया जा रहा है कि रेलगाड़ियों की रफ्तार और ज्यादा बढ़ाई जाए। सवाल है कि तेज रफ्तार से चलने वाली गाड़ियों के लिए क्या रेलगाड़ियों और पटरियों की गुणवत्ता और उनके रखरखाव के साथ-साथ निर्बाध रास्ते को लेकर भी क्या उसी अनुपात में काम किए गए हैं, ताकि लोगों की रेल यात्रा को पूरी तरह सुरक्षित बनाया जा सके? रेलवे में संरक्षा और सुरक्षा कर्मियों के कितने पद रिक्त हैं? बालासोर हादसे से यह साबित होता है कि यात्रा के बढ़ते खर्चे के बीच हर कुछ दिनों बाद सरकार की ओर से रेलगाड़ियों में सुविधाएं और सुरक्षा के साथ-साथ उसके सुरक्षित परिचालन को लेकर दिए जाने वाले आश्वासनों के बरक्स सच्चाई संतोषजनक नहीं है।

### पर्यावरण विभाग बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी कैपस में लगाए गए 1000 पौधे और पहली बार हुई ड्रोन से सिंचाई

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर सृजन सामाजिक विकास न्यास के अध्यक्ष एवं गंगा हरीतिमा अभियान के ब्रांड अम्बेसडर अनिल कुमार सिंह के अगुवाई मे 5 जून सोमवार को पर्यावरण धारणी संस्थान के कैम्पस में वन विभाग,95 बटालियन सी आर पी एफ, एवं एन सी सी, एन एस एस, पर्यावरण विभाग के शोध क्षात्रो सृजन सामाजिक विकास न्यास के सदस्यों के साथ हुआ पौधा रोपण एवं ड्रोन द्वारा पौधो की सिंचाई एवं पर्यावरण विभाग के हाल में संगोष्ठी जिसके मुख्य अतिथि विधायक कैन्ट सौरभ श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार बृक्ष कमान्डेट 95 बटालियन सीआरपीएफ एवं आई एफ एस संजीव सिहं डीएफओ वाराणसी, अध्यता पर्यावरण विभाग के डायरेक्टर प्रो एस रघुवंशी ने किया` मुख्य अतिथि महोदय ने पर्यावरण संरक्षण पर अपने उद्बोधन मे कहा पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण से मुक्ति पाने हेतु सभी को पौध रोपण करना होगा तभी ग्लोबल वार्मिगं से बचा जा सकता है विशिष्ट अतिथि कमान्डेट अनिल कुमार बृक्ष ने पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डाला, डी एफ ओ वाराणसी संजीव सिहं ने बृक्षा रोपण के जैपनीज पद्धति पर विशेष प्रकाश डालते हुए कहा पर्यावरण संरक्षण हेतु मै सदैव आप सभी के साथ हूं।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर एनडीआरएफ ने चलाया वृहद पौधारोपण अभियान

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मनोज कुमार शर्मा, उपमहानिरीक्षक 11 एनडीआरफ, वाराणसी के दिशा निर्देशन में वृहद पौधारोपण अभियान के साथ जागरुकता रैली का आयोजन किया गया` वाराणसी, साहूपुरी (चंदौली), गोरखपुर एवं लखनऊ में एनडीआरएफ के बचाव कर्मियों के द्वारा विभिन्न प्रकार के फलदार एवं छायादार पौधों को लगाया गया` इस वृहद पौधारोपण अभियान एवं जागरुकता रैली में पर्यावरण संरक्षण हेतु एनडीआरएफ के बचाव कर्मियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर मनोज कुमार शर्मा, उपमहानिरीक्षक ने अपने संबोधन में बताया कि आज पूरे विश्व में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है विश्व पर्यावरण दिवस दुनिया का सबसे बड़ा वार्षिक आयोजन है और इसका मुख्य उद्देश्य हमारी प्रकृति की रक्षा के लिए जागरूकता को बढ़ाना है विश्व पर्यावरण दिवस- 2023 की थीम बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन हैं` हम सभी इस बात से वाकिफ है की प्लास्टिक हमारे पर्यावरण के लिए बेहद हानिकारक है उन्होंने काशी वासियों से स्वच्छ काशी एवं भव्य काशी के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने एवं प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की अपील की।

### मेधावी छात्रों को ब्लॉक प्रमुख के हाथों टेबलेट वितरण कार्यक्रम संपन्न

प्रखर मिजापुर ।कर्मा हिनौता क्षेत्र के मोती सिंह पीजी कॉलेज के छात्र एवं छात्राओं को राजगढ़ ब्लाक प्रमुख गजेंद्र प्रताप सिंह के हाथों टेबलेट वितरण का आयोजन किया गया था । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख गजेंद्र प्रताप सिंह पहुंचे थे। छात्र-छात्राएं टेबलेट पाकर बहुत ही उत्साहित दिखे। टेबलेट वितरण कार्यक्रम में प्राचार्य हीरालाल सिंह, पूर्व प्राचार्य डॉ द्वारिका सिंह, राजेंद्र सिंह, कृष्ण त्रिपाठी रामनरेश सिंह विश्वकर्मा विजय पाल, सिंह,संजय सिंह, राज कुमार सिंह, अघोरनाथ सिंह, जयप्रकाश सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# तोरि खाहु फल होइ भलु तरु काटे अपराध



पर्यावरण की सुरक्षा आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत बन गई है । विश्व में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रति वर्ष पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है । आज दुनिया भौतिक विकास के जिस सोपान पर पहुंच रही हैं उसके लिए पर्यावरण को बेहद क्षति पहुंच रही है । विश्व में जन जीवन के कल्याण के लिए पर्यावरण का संरक्षण बेहद आवश्यक हो गया है । अब समय आ गया है कि भौतिक विकास व पर्यावरण के बीच संतुलन बैठाया जाए । मनुष्य व प्रकृति के सामंजस्य में ही जन जीवन की भलाई है । मनुष्य सिर्फ. सुविधा भोगने के लिए इस धरती पर नहीं आता है अपितु उसे अपने कार्यों से समाज की भलाई का सजग दायित्व भी निभाना पड़ता है । जिन प्राकृतिक संसाधनों की वजह से मनुष्य का अस्तित्व बना हुआ है उसके प्रति कृतज्ञता का भाव उसमें होना चाहिए इसलिए जितना संभव हो सके अपनी तरफ से प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए सभी को तत्पर रहना चाहिए । वर्तमान दौर में मनुष्य जितना प्राकृतिक संसाधनों के पीछे भाग रहा है उसका शतांश भी वह प्राकृतिक संसाधनों की हिफाजत पर ध्यान दे तो वह अपने कल्याण के साथ ही साथ अपनी आने वाली पीढ़ियों का भी भला कर सकता है । इसके लिए कुछ अलग से करने की जरूरत नहीं है सिर्फ अपने जीवन शैली व व्यवहार में बदलाव लाने की जरूरत है । पानी की बरबादी रोकने के लिए मनुष्य को हर संभव उपाय करने पड़ेंगे । वर्षा जल संचयन तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण जैसे पुनीत कार्यों को बढ़ावा देना होगा ।

भारतीय चिंतन परंपरा में भौतिक संसाधनों से ज्यादा प्राकृतिक संसाधनों के महत्व पर जोर दिया गया है । इसलिए भारतीय मनीषियों ने पेड़ काटने को अपराध की श्रेणी में माना है । गोस्वामी तुलसीदास जी ने 'रामचरित मानस' में पेड़ काटने को अपराध की श्रेणी में माना है - 'तोरि खाहु फल होइ भलु तरु काटे अपराध'। वृक्ष से फल तोड़कर खाना उचित है लेकिन वृक्ष



काटना पाप नहीं बल्कि अपराध है । कहना न होगा जब दुनिया में लगभग पिछले 50 वर्ष पहले पर्यावरण की चिंता की शुरूआत हुई तो उसके लगभग चार सौ वर्ष पूर्व में ही गोस्वामी जी मानस में पर्यावरण संरक्षण की बात की है । बिना प्रकृति के जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है इसलिए भारतीय चिंतन परंपरा में प्रकृति पूजा पर जोर दिया जाता रहा है । बाद में तथाकथित आधुनिकतावादियों ने प्रकृति पूजा को अंध विश्वास से जोड़कर इसका माखौल उड़ाया । अब जब पर्यावरण के नुकसान से जन जीवन पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं तो लोग प्रकृति संरक्षण की बात करने लगे । भारतीय संस्कृति में प्रकृति संरक्षण जीवन का एक अंग है । वृक्षारोपण को मनुष्य का स्वाभाविक कार्य माना गया है । 'रामचरित मानस' में श्रीराम चंद्र जी के विवाहोंपरांत अयोध्या नगरी में वृक्षारोपण किया जाता है - 'सफल पूगफल कदलि रसाला/रोपे बकुल कदम्ब तमाला'। राम के राज्याभिषेक के समय भी वृक्षारोपण किया जाता है - 'वेद विदित कहि सकल विधाना/कहेउ रचहु पुर विविध बिताना/सफल रसाल पूगफल केरा/रोपहु बीथिन्ह पुर चहुँ फेरा' । आज हम आधुनिकता के चक्कर में प्रकृति को भूलने लगे है । क्या यह आवश्यक नहीं होना चाहिए कि मांगलिक अवसरों पर वृक्षारोपण किया जाए । वृक्षारोपण, जल संरक्षण, सार्वजनिक परिवहन का प्रयोग, अनावश्यक गाड़ियों का इस्तेमाल, पॉलिथिन के उपयोग बंद करके पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति संवेदनशील होना पड़ेगा । देश की सर्वांगीण उन्नति के लिए पर्यावरण की सुरक्षा के लिए सभी को अपने दायित्वों का निर्वहन करना पड़ेगा । आज की उपभोक्तावादी संस्कृति ने प्रकृति का बहुत तेजी के साथ दोहन तथा शोषण किया है । उपभोक्तावादी प्रवृत्तियों ने भौतिक संसाधनों के अनावश्यक उपयोग को बढ़ावा दी है । जबकि भारतीय संस्कृति त्याग व अपरिग्रह पर जोर देते हुए सर्वे भवन्तु सुखिनः की बात करती है । कहना न होगा कि पर्यावरण के असंतुलन से ग्लोबल वार्मिंग व जलवायु परिवर्तन का संकट खड़ा हो गया है । मानव ही नहीं बल्कि सभी प्राणियों की भलाई के लिए आवश्यक है कि मनुष्य पर्यावरणीय संरक्षण के अनुरूप व्यवहार अपनाए।

**( लेखक - स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं )**

## साक्षी, श्रद्धा...कब तक लव जिहाद में हत्या होती रहेंगी? इस विषय पर विशेष संवाद

### कानून बनाने के साथ ही लव जिहाद की चर्चा घर-घर होनी चाहिए ! - अधिवक्त्या मणि मित्तल, सर्वोच्च न्यायालय

लव जिहाद नियोजनबद्ध षड्यंत्र है। इसके लिए भारी मात्रा में धर्मांधों को पैसों की आपूर्ति की जाती है। लव जिहादियों को बचाने के लिए कानूनी सहायता की जाती है । धर्मांतर के लिए हिन्दू युवतियों को लव जिहाद के जाल में फांसकर उनकी हत्या हो रही है। कानून की अपनी मयार्दा होने से वह लोगों की रक्षा करने में असफल रहा है । आज हिन्दू माता-पिता एवं युवतियों में जागृति न होने से अनेक हिन्दू युवतियां लव जिहाद की बलि चढ रही हैं। उन्हें सहजता से लक्ष्य बनाया जा रहा है। इसीलिए लव जिहाद की घटना रोकने के लिए केंद्र सरकार को कडा कानून बनाना चाहिए, ऐसी मांग करते हुए लव जिहाद पर घर-घर चर्चा होना भी अत्यंत आवश्यक है, ऐसा मत सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्त्या मणी मित्तल ने व्यक्त किया। वे हिन्दू जनजागृति समिति द्वारा आयोजित साक्षी, श्रद्धा...कब तक लव जिहाद में हत्या होती रहेंगी? इस विषय पर ऑनलाईन विशेष संवाद में बोल रही थीं। इस अवसर पर झारखंड के पाञ्चजन्य के पत्रकार श्री. रितेश कश्यप बोले, सेक्युलर, साम्यवादी आदि सभी दावा करते हैं कि लव जिहाद द्वारा



मुसलमानों के विरोध में प्रचार किया जाता है; परंतु वास्तव में भारतभर में लव जिहाद की घटनाएं हो रही हैं। बांगलादेश सीमा से लगे झारखंड में बांगलादेशी मुसलमान घुसपैठ सहित लगभग सभी अपराधों में संलिप्त पाए जाते हैं । झारखंड में स्थानीय धमार्धों के साथ-साथ कट्टर बांगलादेशी एवं रोहिंग्या मुसलमान भी हिन्दू युवतियों को लव जिहाद के जाल में खींच रहे हैं। सरकार को लव जिहाद को भीषण संकट मानकर, अन्य अपराधों समान इसकी भी समीक्षा कर उसकी संख्या सार्वजनिक करनी चाहिए। हिन्दू जनजागृति समिति के श्री. नागेश जोशी ने कहा, हाल ही में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री ने मान्य किया कि महाराष्ट्र में सैकडों युवतियां लापता हैं, लव जिहाद की घटनाएं भी हो रही हैं; ऐसे में इसपर पुलिस-प्रशासन द्वारा कठोर कार्रवाई होनी अपेक्षित है। आज लव जिहादियों को अपराधी होते हुए भी समर्थन मिलता है। इसके साथ ही कठोर दंड न मिलने से लव जिहादियों को किसी का भय नहीं रह गया। लव जिहाद की घटना में अपराधियों को फांसी का दंड मिले, ऐसा कानून केंद्र सरकार द्वारा बनाया जाना अपेक्षित है। इन घटनाओं का निर्णय भी यथाशीघ्र हो, इसलिए शीघ्र गति न्यायालय होने चाहिए।

# कायाकल्प कर सँवार दी सीएमओ कार्यालय की सूरत

### मनोरम छंटा बिखेर रही पार्क की हरियाली और फूलों की महक, बागवानी से मौसमी फल तो पोषण वाटिका से मिल रही हरी ताजी सब्जियां, फूलों की सुगंध से गमगमाता रहता है सीएमओ कार्यालय का पूरा परिसर

प्रखर कुशीनगर। कुशीनगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.सुरेश पटारिया ने अपनी इच्छा शक्ति एवं रचनात्मक सोच से सीएमओ कार्यालय का कायाकल्प कर भवन एवं परिसर की सूरत सँवार दी। परिसर की बागवानी से जहां मौसमी फल मिल रहे हैं, वहीं पोषण वाटिका से हरी ताजी सब्जियां निकल रहीं हैं। फुलवारी में लगे फूलों की सुगंध से पूरा परिसर महक उठता है।

इन दिनों मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय एवं परिसर की सूरत देखते बनता है। कार्यालय और परिसर इन दिनों पिकनिक स्पाट एवं सेल्फी प्वाइन्ट बन गया है। एक तरफ जहां दो साल पहले से बदहाल स्तिथि में दिखने वाले कार्यालय भवन का जीर्णोद्धार एवं रंग रोदन कराकर चमका दिया गया है, वहीं कार्यालय के अंदर सभागार, बाथरूम एवं अन्य कमरों में विशेष कार्य करा कर नया लुक दिया गया है। परिसर में पार्क और बुद्धा गार्डेन की हरियाली भी



मनोरम छँटा बिखेर रही है।

परिसर में बनाए गए मिनी पार्क के किनारे लगाए गए शोभाकार वृक्ष एवं फुलवारी से परिसर गुलजार लग रहा है। पार्क में उगाई हरी घास ग्रीन कारपेट सरीखा दिखने से हर कोई को सुखद अनुभूति कराता है। पार्क में बैठने के लिए हरी घास पर रखी गयी रंग बिरंगी कुर्सियों और बेंच से पार्क की गजब लुक है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.सुरेश पटारिया ने बताया कि पर्यावरण की दृष्टिकोण से परिसर में हरियाली लाने का प्रयास किया गया है। कार्यालय जो कभी बदसूरत सा दिखता था, उसका रंग रोदन कराया गया। उनका मानना है पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के लिए हरियाली आवश्यक है। पर्यावरण स्वच्छता से मन प्रसन्न होता है ,जिससे व्यक्ति और अधिक ऊर्जा से काम करता है। आसपास के सौंदर्यीकरण एवं पेड़ पौधों की हरियाली से पॉजिटिव इनर्जी मिलती है। इसी उद्देश्य से परिसर और पार्क में शोभाकार पौधों और फुलवारी लगायी गयी है। पार्क में जाकर बैठने वाले सुखद अनुभूति करते हैं।

**बागवानी से मौसमी फल तो पोषण वाटिका से मिलती है हरी ताजी सब्जियां**- सीएमओ ने बताया कि परिसर की बागवानी में आम, अमरूद, लिची, कटहल, सरीफा, पपीता, आंवला, महोगनी, कचनार, चिकू, अनार, जामुन, बोटल पाम, नीबू, जैसे फलदार पौधे लगाए गए हैं जिससे मौसमी फल मिलते रहे हैं। इसी प्रकार पोषण वाटिका में बोड़ा, लौकी, मिर्चा, कद्दू, टमाटर, तरोई, करेला, भिंडी, पोदीना, बैगन, और खीरा जैसी सब्जियों उगाई गयीं हैं । हरी ताजी सब्जियां और मौसमी फलों का स्वाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी चखते हैं।

**फुलवारी में लगे फूलों की सुगंध से गमगमाता रहता है परिसर** - गार्डेन के बीच तथा पार्क के किनारे लगाए विभिन्न प्रजाति के फूल लगाए गए हैं। इन फूलों में गुलाब, रातरानी, मिलश्री, बोगन बेलिया, छोटा पाम, फरकइस हरा, मोरपंखी, क्रिसमस ट्री, सफेद कनेल, गुलाबी कनेल, गुड़हल, बेला, चमेली, सावनी, बेल, कोनिया, सोनचम्पा, मधुमालती, खजूरपाम, मूसंडा और गेंदा आदि फूलों और शोभाकार पौधों की छंटा और खुशबू से सीएमओ कार्यालय परिसर गमगमाता रहता रहता है। गार्डेन में पौधों की कटाई छंटाई एवं सिंचाई के लिए माली लगाया गया है।

**पीएम और सीएम की मंशा के अनुरूप कराया काम**- सीएमओ ने बताया कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के पर्यावरणीय एवं स्वच्छता की मंशा के अनुरूप सीएमओ कार्यालय परिसर में हरियाली और स्वच्छता का कार्य कराया गया है। हरियाली के लिए बागवानी व वाटिका लगाई गयी।

# एक दिन में सात मिलियन व्यूज पार खेसारी लाल यादव, माही श्रीवास्तव का गाना गजब जीवन जिहीह्र, संघर्ष 2 का गाना हुआ वायरल

प्रखर दानगंज वाराणसी। ग्लोबल स्टार खेसारी लाल यादव स्टारर भोजपुरी फिल्म संघर्ष2 का गाना गजब जीवन जिहि रिलीज होते ही वायरल हो गया है। जिसे महज एक दिन में 7 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल गए हैं। गाने को दर्शकों का भर भरकर प्यार और आशीर्वाद मिल रहा है। यही वजह है कि गाने में यूट्यूब पर झंडे गाड़ दिए हैं। वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स भोजपुरी से रिलीज खेसारी लाल यादव और अदाकारा माही श्रीवास्तव का धमाकेदार गाना गजब जीवन जिहि को एक दिन में 70 लाख से ज्यादा बार देख व सुना गया है वही इसको 190ङ से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं। गाने को दर्शकों ने हाथोंहाथ उठा लिया है। यही तो जादू है खेसारी लाल यादव का जो दर्शकों के सर चढकर बोलता है। गाने में खेसारी ने राजस्थानी लुक कैरी किया है। जिसमें वे हैंडसमहंक लग रहे हैं। वही माही घाघरा चोली में गजब की कयामत नजर आ रही हैं। गाने में माही का अंदाज कुछ बदला बदला सा नजर आ रहा है। जिस पर वे कहती कि रिस्की हूँ मैं रिस्की हूँ मैं रिस्की हूँ मैं रिस्की हूँ मैं मुझे खुद भी पता नहीं किसकी हूँ जेहि चीनी उहि किहनी वैसे पइसा देहि । इस पर खेसारी कहते है जौन तोहरे के पिहबू गजब जीवन जिहि..जौन तोहरे के पिहबू गजब जीवन जिहि । गाने में खेसारी और माही की जोड़ी एक दम कमाल की लग रही है। गाने में




फुल बैकग्राउंड डांसरों के साथ में माही और खेसारी एक दम जबर्दस्त तरीके से अपना परफॉर्मेंस दे रहे हैं। वही दोनों के बीच की केमेस्ट्री दर्शकों को खूब लुभा रही है। गाना ऐसा है कि आप डांस किये बिना राह नहीं सकेंगे। इस गाने को खुद खेसारी लाल यादव और सिंगर प्रियंका सिंह ने गाया है। वही इसके लिरिक्स और म्यूजिक कृष्णा बेदर्दी ने दिया है।खेसारी लाल यादव ने गाने को इतना प्यार और आशीर्वाद देने के लिए पूरी जनता जनार्दन का दिल से शुक्रिया अदा किया है और कहा कि मैं आगे भी दर्शकों की उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करता रहूंगा। गाने को लेकर निमार्ता रत्नाकर कुमार ने कहा कि ये गाना हमारी उम्मीदों से भी ज्यादा अच्छा बना है इसलिए हमने सबसे पहले इसे रिलीज करने के बारे में सोचा और नतीजा आपके सामने हैं। गाने ने महज कुछ समय में मिलियन व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है। गाने को दर्शकों ने रिलीज के साथ ही सर आंखों पर उठा लिया है। इसमें गाने में आपको हर फेलेवर मिलेगा। गाने के शूट के समय को हमने बहुत ज्यादा एन्जॉय किया था। और आज दर्शक इसे देखकर एन्जॉय कर रहे हैं। गाने की इस सफलता के लिए मैं सभी का तहेदिल से धन्यवाद करता हूँ।समय पहले फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया था। जिसे दर्शकों का बहुत ही अच्छा प्रतिसाद मिला था। अब तक संघर्ष 2 के ट्रेलर को 80 लाख से ज्यादा व्यूज व 2.4 लाख से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं। वर्ल्डवाइड चैनल एंड जितेंद्र गुलाटी प्रस्तुत संघर्ष 2 की सह निमार्ता निवेदिता कुमार व कुलदीप श्रीवास्तव है।

जबकि फिल्म का निर्देशन पराग पाटिल ने किया है। फिल्म में खेसारी लाल यादव, मेघाश्री, माही श्रीवास्तव, कृति यादव, सबा खान भी अहम रोल अदा करती हुई दिखाई दे रही है। संघर्ष 2 में सुशील सिंह, संजय पांडे, विनीत विशाल जैसे विलेनों से दो दो हाथ करते नजर आएंगे। फिल्म में अनूप अरोरा, विनोद मिश्रा, समर्थ चतुवेर्दी, वर्णय मल्होत्रा, जे नीलम, रोहित सिंह (मटरू), पप्पू यादव, सुबोध सेठ, मनीष चतुवेर्दी, वैभव राय, अक्की, संजीव मिश्रा, यादवेंद्र यादव, ओपी कश्यप सहित कई कलाकार है। फिल्म का लिरिक्स और म्यूजिक कृष्णा बेदर्दी, राइटर वीरू ठाकुर, स्पेशल थैंक्स डी सिंह( बैंकाक), डीओपी आरऑयर प्रिंस, बिजनस हेड इमरोज अख्तर, एडिटर एस राय,एक्शन दिलीप यादव, एस मलेश एंड नियोंग(बैंकाक), बैकग्राउंड म्यूजिक असलम सुरती, कोरियोग्राफर दिलीप मिस्त्री एंड एमके गुप्ता, आर्ट अंजनी तिवारी, स्पेशल थैंक विनोद यादव, पोस्ट प्रोडक्शन लोटस स्टूडियो, कॉस्ट्यूम डिजाइनर बादशाह खान, मार्केटिंग विजय यादव, स्टिल फोटो पंकज सिंह, एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर राजेश सिरसत, महेश उपाध्याय, अखिलेश राय, लाइन प्रोड्यूसर (बैंकॉक) कुलबीर भाटिया है।

### अखिल भारतीय फार्मासिस्ट असोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार पाण्डेय मनोनीत हुए

प्रखर मीरजापुर। जिले के जिगना थानांतर्गत गौरा गांव के निवासी , सिद्धेस्वरी फार्मा के प्रोपराइटर विनय कुमार पाण्डेय को अखिल भारतीय फार्मासिस्ट असोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिभूषण सिंह ने उनके अनुभव को देखते हुए 2 जून को प्रदेश कार्यकारिणी की लिस्ट जारी कर उन्हें कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है , एसोसिएशन के प्रदेश सचिव अखिलेश मिश्र ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उनके मनोनयन से अखिल भारतीय फार्मासिस्ट असोसिएशन को पूरे प्रदेश में मजबूती मिलने के साथ ही फार्मासिस्ट बन्धुओ के हक की लड़ाई लड़ने में सहयोग मिलेगा विनय कुमार पाण्डेय के मनोनयन पर पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री डा.राकेशधर त्रिपाठी, डी. डी. मेमोरियल हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डा.नीरज त्रिपाठी,भारतीय सवर्ण संघ के राष्ट्रीय महासचिव साधु तिवारी ,जिलाध्यक्ष ठाकुर रमेश सिंह, गौरा ग्राम प्रधान बेचन सिंह ,अखिल भारतीय एकता परिषद के संरक्षक व आईएमए के जिला सचिव डॉ. एस .एन. पाठक , मण्डल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश शुक्ला एडवोकेट, परिषद के जिलाध्यक्ष पं. शेषमणि चौबे, मीरजापुर क्रिकेट एसोसिएशन के जिला सचिव विवेक दुबे सहित सभी सदस्य गण , मेटल व्यवसायी अनिल गुप्ता , संजय सिंह ,अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के मण्डल अध्यक्ष मुकेश त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष चंद्रेश शुक्ला सहित सभी सदस्यों ने फोन कर नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दिया है ।

# ग्रामीण सफाईकर्मियों ने निकाली सेवानियमावली, पदोन्नती एवं पुरानी पेंशन अधिकार यात्रा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। तहसील जखनिया विकासखंड परिसर से उप जिलाधिकारी कार्यालय जखनियां तक पदयात्रा निकाली गई। तत्पश्चात माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एवं माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार को संबोधित 7 सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी जखनिया को सौंपा गया। पदयात्रा का नेतृत्व जखनियां ब्लाक अध्यक्ष चंद्रिका राम, मनिहारी ब्लॉक अध्यक्ष जयप्रकाश यादव व सादात ब्लाक अध्यक्ष राकेश मोहन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष रोशनलाल भी मौजूद रहे और कहा कि जनपद व प्रदेश के अधिकांश सफाई कर्मचारी नियमित रूप से जॉब चार्ट के अनुसार कार्य करने के साथ-साथ विशेष परिस्थिति जैसे कोविड-19 वैश्विक महामारी में बिना किसी बचाव कीट के जान को जोखिम में डालकर अपने दायित्वों का निर्वहन किए हैं। प्रत्येक निर्वाचन के दिनों में भी जनपद व प्रदेश के सफाई कर्मचारी रात और दिन की बिना परवाह किए शासनादेश के विपरीत निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने के लिए मत पेटिकाओं, ईवीएम, वीवीपट आदि मशीनों की लोडिंग अनलोडिंग का कार्य पूरी निष्ठा पूर्वक करते हैं । सफाई कर्मचारियों से भिन्न-भिन्न तरीके का सर्वे कार्य जैसे बीएलओ कार्य, जनपद स्तर प्रदेश स्तर के कार्यालय में लिपिकीय कार्य लिया जाता है ऐसी स्थिति में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को विभागीय सेवा नियमावली बनाकर प्रमोशन का अवसर प्रदान किया जाना चाहिए। जखनियां ब्लाक अध्यक्ष चंद्रिका राम ने कहा कि पुरानी पेंशन हम सभी कर्मचारियों का हक है और हम लोगों को मिलना चाहिए। सादात ब्लाक अध्यक्ष राकेश मोहन ने कहा कि जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं हो जाती है तब तक हम लोग निरंतर समय-समय पर आंदोलन करते रहेंगे। मनिहारी ब्लॉक अध्यक्ष जयप्रकाश यादव ने कहा कि सफाई कर्मचारियों को प्रधानों के नियंत्रण से मुक्त किया जाना चाहिए। इस दौरान ब्लॉक मंत्री क्रमशः अरुण कुमार, जयप्रकाश भारती, हरिश्चंद्र यादव, कोषाध्यक्ष क्रमशः छविनाथ राम, गजेंद्र राम बिंद, सूरज कुमार, व अन्य पदाधिकारी अच्छेलाल, राजेंद्र सिंह यादव, रमेश चंद्र शर्मा, शिवाजी गुप्ता, कुशल पाल सिंह चौहान, शकील अहमद, प्रांतीय उपाध्यक्ष जयप्रकाश बिंद उर्फ गुड्डू, जिला कोषाध्यक्ष विनोद चौधरी, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष शिवकुमार सहित लगभग 500 सफाई कर्मचारी पदयात्रा में सम्मिलित रहे। जिला अध्यक्ष रोशनलाल पदयात्रा में सम्मिलित सभी सफाई कर्मचारी साथियों के प्रति आभार प्रकट किया।




## मुख्यमंत्री योगी के जन्मदिन पर 50 लोगों ने रक्तदान कर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आई डी मेमोरियल ग्रुप आफ कॉलेजेज के प्रांगण में सोमवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन और विश्व पर्यावरण दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्घाटन मुख्य अतिथि ओमवीर सिंह पुलिस अधीक्षक गाजीपुर ने फीता काटकर तथा पौधारोपण कर किया। इस अवसर पर पुलिसकर्मियों समेत बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन धूमधाम से मनाया । रक्तदान को महादान की संज्ञा दी जाती है । इस महादान में पुलिसकर्मी भी रक्तदान करते नजर आये। इसके अलावा 50 से ज्यादा व्यक्तियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। एसपी ने बताया कि आज मुख्यमंत्री का जन्मदिन है साथ ही विश्व पर्यावरण दिवस भी है।सभी को पर्यावरण के प्रति सचेत होना चाहिये और पर्यावरण संरक्षण को लेकर सभी को सचेत रहना चाहिये। आज हमने कालेज के छात्र-छात्राओं से संवाद भी किया है की किस तरह से अपनी थोड़ी सी सुविधा में कमी करके हम पर्यावरण संतुलन में सहयोग कर सकते हैं।पर्यावरण को लेकर हम अभी भी नहीं चेते तो आने वाली पीढ़ियों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ेगा।बूंद-बूंद से ही सागर बनता है और वक्त रहते हम ग्रीन हाउस प्रभाव के प्रति सचेत नहीं हुए तो आने वाले वक्त में मुश्किल हो सकती है। युवा भाजपा नेता आदित्य सिंह जिनके नेतृत्व में रक्तदान शिविर और वृक्षारोपण का आयोजन किया गया, ने बताया कि आज मुख्यमंत्री का जन्मदिवस है और इस अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया और आज विश्व पर्यावरण दिवस है और इसके उपलक्ष्य में वृक्षारोपण भी किया गया और सुंदरकांड का भी आयोजन किया गया।रक्तदान में पुलिसकर्मियों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।आज योगी जी के जन्मदिन का शुभ अवसर है साथ ही पर्यावरण दिवस भी है। इस अवसर पर सभी से अपील भी किया गया कि अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करें और पर्यावरण संतुलन में सहयोग दें।



## जंगीपुर विधायक वीरेंद्र यादव को कोर्ट ने सुनाई 15 दिन की सजा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर । सीजेएम कोर्ट ने आज जंगीपुर से समाजवादी पार्टी के विधायक बीरेंद्र यादव को 15 दिन की सजा सुनायी है। सीजेएम शरद कुमार चौधरी की अदालत ने विधायक बीरेंद्र यादव को 200 रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। कोर्ट ने विधायक को ये सजा आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में सुनायी है। दरअसल 2017 में विधायक बीरेंद्र यादव के पिता और तत्कालीन मंत्री कैलाश यादव के निधन के बाद उपचुनाव हुआ था। जिसमें विधायक बीरेंद्र यादव की माता किस्मतिया देवी विजयी हुईं थीं।उनके चुनाव प्रचार के दौरान विधायक बीरेंद्र यादव पर आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज हुआ था। बीरेंद्र यादव के वकील राजीव मोहन नायडू ने बताया कि 2017 में आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज हुआ था और उसका ट्रायल चल रहा था । जिसमें आईपीसी की धारा 188 के तहत आज 15 दिन के साधारण कारावास और 200 रुपये के अर्थदंड की सजा सीजेएम कोर्ट से सुनायी गयी है। उन्होंने बताया कि प्राजीक्युशन इस बात को साबित करने में असफल रहा है कि उस समय आचार संहिता लागू थी और अब हम आगे की कानूनी कार्रवाई करेंगे। उन्होंने बताया कि कोर्ट ने 20 हजार के निजी बंधपत्र और दो जमानतदारों की जमानत पर विधायक को रिहा कर दिया है क्योंकि सीआरपीसी के नियमानुसार अपील करने के लिये 60 दिनों का समय दिया जाता है। वहीं विधायक बीरेंद्र यादव ने कहा कि हम अदालत के निर्णय का सम्मान करते हैं और इसकी अपील करेंगे।



## महिला जागरुकता तथा महिला सशक्तिकरण पर कार्यक्रम का आयोजन

प्रखर दानगंज वाराणसी। चोलापुर थानांतर्गत तेवर गांव में समाजसेवी भारतभूषण पांडेय एवं उनके पुत्रों अमित कुमार पांडेय व विनय कुमार पांडेय ने महिला जागरुकता तथा महिला सशक्तिकरण पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में ममता रानी चौधरी (अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, महिला अपराध वाराणसी), सुधाकर शरण पांडेय (जिला प्रोबेशन अधिकारी), भारत भूषण राय (अधिशासी अभियंता, विद्युत विभाग), तथा शैलेंद्र सिंह (एडीओ) उपस्थित रहे। इस अवसर पर एडीसीपी (महिला अपराध) ममता रानी चौधरी जी ने महिलाओं से जुड़ी विविध विषयों पर अपने वक्तव्य रखे। उन्होंने महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला अपराध से संबंधित मुद्दों पर जागरूक किया। साथ ही विविध योजनाओं जैसे कि पॉक्सो कानून, और महिला हेल्पडेस्क के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं के विकास में पुरुषों की भूमिका एवं महिलाओं के प्रति सामाजिक मानसिकता के बदलाव की जरूरत की भी बात की।जिला प्रोबेशन अधिकारी ने विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे कि वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, कन्या सुमंगला योजना, बाल-विवाह प्रतिषेध अधिनियम आदि के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया। साथ ही उन्होंने सरकारी योजनाओं के लाभ हेतु योग्यता मानकों और लाभ लेने हेतु संपर्क केंद्रों की जानकारी भी दी।दोनो अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और इनके त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। विनय पांडेय ने ग्रामीणों की विविध समस्याओं संबंधित ज्ञापन एडीओ को दिया।प्रमुख ग्रामीणों में केशव श्रीवास्तव,अशोक तिवारी, संतोष सिंह, प्रमोद पांडेय, कामेश्वर चौबे, रविशंकर जायसवाल और गौरव सिंह उपस्थित रहे।



## 3 लाख 30 हजार 5 सौ रुपए, 8 बाइक एवं 3 मोबाइल संग 5 जुआड़ी गिरफ्तार अन्य फरार



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक,गाजीपुर द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु निरन्तर चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में रविवार को प्रभारी निरीक्षक तेजबहादुर सिंह मय हमराहियान के देखभाल क्षेत्र रोकथाम जुर्म जरायम तलाश वांछित अभियुक्त में मामूर होकर विशेश्वरगंज चौराहे पर मौजुद था कि मुखबिर खास के जरिये सूचना मिली कि कई दिनो से भवन स्वामी गोरख बिन्द पुत्र कुशहर बिन्द निवासी टेडवा थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर द्वारा अपने ग्राम टेढ़वा स्थित मकान में बाहरी व्यक्तियो को बुलाकर मकान के अन्दर जीत हार की बाजी लगवाकर ताश के पत्तों से अवैध रूप से जुआ खेलते व खेलाते हुये व्यापक स्तर पर धन अर्जित कर रहा है। यदि जल्दी किया जाय तो कुछ जुआरी सहित तास के पत्ते व रूपयो के साथ पकड़े जा सकते है, सूचना पर प्रभारी निरीक्षक मय समस्त हमराहीयान के मुखवीर द्वारा बताये गये स्थान टेढवा से पुलिसिया टेक्टिस का प्रयोग करते हुए जुआ खेल रहे 5 व्यक्तियो को मौके पर ही समय करीब शाम 8 बजे पकड़ लिया गया। मौके पर अफरा तफरी का लाभ उठाते हुये कुछ व्यक्ति भागने मे सफल रहे, भागने वाले व्यक्तियो का तीन अदद एनड्राईड मोबाईल मौके से बरामद हुआ तथा पर्स /जमीन पर सफेद रंग के गमछे मे रखे हुये 500 रू के बहुत सारे नोटो की गड्डी व ताश की 2 गड्डी बरामद हुआ जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली गाजीपुर पर मु0अ0स0 281/2023 धारा 3/4 सार्वजनिक जुआ अधिनियम 1867 पंजीकृत किया गया है।

## पर्यावरण का संरक्षण करना प्रत्येक मनुष्य की नैतिक जिम्मेदारी- मुन्ना राय

प्रखर कुशीनगर। प्रकृति से हमें बहुत कुछ मिलता है तो हमारी भी जिम्मेदारी बनती है कि इसकी सुरक्षा करें। कोरोना महामारी हमें यह सीख दे गई है कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना होगा। कुछ इसी सोच के साथ सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्रीन इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट पड़री विशुनदयाल के द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। ट्रस्ट के प्रबंधक मुन्ना राय ने कहा कि पर्यावरण में प्रदूषण की मात्रा बढ़ती जा रही है। जरूरी है कि ज्यादा से ज्यादा पौधे रोपित किये जाएं। पेड़ पौधे ही हमारे पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचा सकते हैं। जिस प्रकार शरीर को पोषण के लिए भोजन की आवश्यकता होती है, ठीक उसी प्रकार पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधों की आवश्यकता होती है। पेड़-पौधे पर्यावरण की अशुद्धियों को सोख लेते हैं और हमें शुद्ध प्राणदायिनी वायु देते हैं। इसकी निरंतरता बनाए रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए। पेड़-पौधे लगाने के बाद उनका संरक्षण करना भी बहुत अनिवार्य है। कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। इनसे पृथ्वी पर ऋतु चक्र बना रहता है। ऋतु चक्र को संतुलित बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाना और उनका संरक्षण करना अनिवार्य है। हमें पौधे का पेड़ बनने तक बच्चों की तरह संरक्षण करना चाहिए। पौधा पेड़ बनकर हमें फल देता है। वहीं एक पेड़ सैकड़ों जिंदगियां बचाने में सक्षम होता है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अज्ञानता और स्वार्थ के चलते पेड़ों की कटाई कर देते हैं। इससे पर्यावरण को नुकसान होता है। पेड़-पौधे पशु-पक्षियों के प्राकृतिक आवास हैं। मनुष्य द्वारा प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करने से अनेकों पशु-पक्षियों की प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर हैं। वहीं पेड़ों की कटाई से पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। इसका असर पृथ्वी के प्रत्येक प्राणी पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण करना प्रत्येक मनुष्य की नैतिक जिम्मेदारी है। इसके लिए हमें आगे आना चाहिए और दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए। पर्यावरण के संरक्षण के लिए हमें अपने जीवन में एक पेड़ अवश्य लगाते हुए उसका संरक्षण भी करना चाहिए।



## पर्यावरण दिवस पर विधायक व सीडीओ ने पौधरोपण कर दिए संदेश

प्रखर पिंडरा वाराणसी। विश्व पर्यावरण दिवस पर सोमवार को ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न समाजसेवी संगठनों तथा सरकारी व गैर सरकारी संगठनों द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण के संरक्षण का संकल्प लिया। पर्यावरण दिवस पर विधायक डॉ अवधेश सिंह ने थाना सिंधोरा, राजकीय आई टी आई महगांव, श्री रामबाबा इण्टर कालेज परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेन्द्र सिंह, जिलाउपाध्यक्ष पवन सिंह, नायाब तहसीलदार साक्षी राय राय, बीडीओ दीपांकर आर्य, जिलामंत्री फौजदार शर्मा, मण्डल अध्यक्ष सर्मेश सिंह, बब्बू सिंह, झगड़ू मिश्रा, गुड्डु सिंह अनेक लोग रहे। वही पिंडरा विकास खण्ड के करखियाँव में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने बरगद के पौधे का रोपण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए सभी से पौधरोपण करने का आह्वान किया। क्षेत्रीय वन अधिकारी संतोष कुमार सोनकर ने प्रत्येक व्यक्ति द्वारा 10 पौधे लगाने और संरक्षण करने की अपील की। इस दौरान बीडीओ दीपकंर आर्य, वन विभाग के दरोगा श्रीकांत श्रीवास्तव, कुँवर भरत सिंह, मु0 इजहार सिद्दकी, रमाशंकर के अलावा उत्कर्ष संस्था के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अलावा एग्रो पार्क इंडस्ट्रीज एसोसिएशन करखियाव के बैनर तले अध्यक्ष मनोज मद्धेशिया , शुभम अग्रवाल, आनंद जायसवाल, रवि गुप्ता, शुभम गुप्ता, बृजेश गुप्ता समेत अनेक लोग रहे। इसके अलावा विभिन्न परिषदीय विद्यालयों में भी पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम हुए।



# कैथी गंगा पाथवे एवं लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस निर्माण से पर्यटन उद्योग को मिलेगी संजीवनी

### 3 करोड़ 62 लाख की लागत से बनेगा गेस्ट हाउस, 7 करोड़ 29 लाख 62 हजार की लागत से कैथी गंगा घाट से संगम घाट तक पाथवे का निर्माण आधे से ज्यादा पूर्ण

प्रखर दानगंज वाराणसी। केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद चंदौली डॉ महेंद्र नाथ पाण्डेय की सांसद के रूप में 9वर्षों की विकास यात्रा के सबसे महत्वपूर्ण स्थल कैथी स्थित श्री मार्कण्डेय महादेव मंदिर के सम्पुर्ण क्षेत्र को मंदिर की पौराणिक मान्यताओं के अनुरूप एक विकसित तीर्थ क्षेत्र के रूप विकसित करने के संकल्प की सिद्धि के क्रम में अनेक योजनाएं मुर्त रुप ले कर श्रद्धालुओं को सेवार्थ सपर्पित हो चुकी है। अनेक योजनाएं प्रक्रिया में है। लाखों श्रद्धालुओं की आस्था एवं विश्वास का केन्द्र जहां पवित्र श्रावण मास भर के साथ ही शिवरात्रि के अवसर पर दो दिवसीय मेला लगता है। लाखों श्रद्धालुओं द्वारा महादेव का जलाभिषेक किया जाता है।पुर्वांचल में आस्था के महत्व पुर्ण धार्मिक स्थलों में से एक यह तीर्थ क्षेत्र मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहा। इस तीर्थ क्षेत्र के विकास के लिए 2014 में सांसद निर्वाचित होने के बाद ही केन्द्रीय मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पाण्डेय ने मंदिर क्षेत्र को एक सुव्यवस्थित तीर्थ क्षेत्र के रूप में विकसित कराने का संकल्प लिया। जहां श्रद्धालुओं को सभी मूलभूत सुविधाएं, सार्वजनिक सेवाओं की सुलभ उपलब्धता साथ ही गंगा पर्यटन के रूप में यह स्थल अपनी पहचान भारत के पर्यटन नक्शे पर बनाये। डॉ पाण्डेय जी के 9 वर्षीय कार्यकाल में कैथी तीर्थ क्षेत्र की विकास यात्रा में वर्तमान समय में कैथी गंगा घाट से गंगा गोमती संगम के बीच 527 मीटर पाथवे की निर्माण प्रक्रिया अब अंतिम चरण में चल रही है।पाथ वे के निर्माण पुर्ण होते ही,सुबहे कैथी जहां सुर्योदय का मनोहारी दृश्य पर्यटकों को आकर्षित करेगा के साथ-साथ गंगा दर्शन का एक महत्वपूर्ण केन्द्र स्थापित हो जायेगा।



**परियोजना की विशेषता**– पाथवे निर्माण की इस योजना के अन्तर्गत कैथी गंगा घाट तथा गंगा गोमती संगम घाट मध्य 527 मीटर लम्बा 6 मीटर चौड़ा सी सी पेवर ब्लाक का सम्पर्क मार्ग,गैवियन वाल,ढलान पर रेनोमैट्रेस,बैठने के लिए बेंच,साइनेज बोंड,ड्रेनेज सिस्टम,केटेड लांचिंग एप्रन का निर्माण,स्ट्रीट लाइट एवं स्थल का पर्यटन विकास आदि कार्य कराये जा रहे हैं।

**लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस का निर्माण**– श्रद्धालुओं,पर्यटकों की यात्रा को सार्वजनिक क्षेत्र की उच्चस्तरीय सुविधाओं की स्थापना के क्रम को विस्तारित करने की दृष्टि से केन्द्रीय मंत्री डॉ पाण्डेय जी पहल पर उत्तर प्रदेश शासन ने लोकनिर्माण विभाग द्वारा 3करोड़ 62 लाख की लागत से गेस्ट हाउस निर्माण के लिए स्वीकृत प्रदान की गयी है।गेस्ट हाउस निर्माण के प्रथम चरण में 1 करोड़ 62 लाख रुपये अवमुक्त कर दिया गया है।प्रथम चरण में वर्तमान गेस्ट हाउस के बगल में 4 सुइट के नवनिर्माण के लिए शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी है।कैथी तीर्थ क्षेत्र के लिए गेस्ट हाउस की स्वीकृति प्रदान करने के लिए केन्द्रीय मंत्री एवं स्थानीय सांसद डॉ महेंद्र नाथ पाण्डेय ने मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।उल्लेखनीय रहे कि पुर्व में मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी,एमएलसी द्वय श्री अशोक धवन,श्री विद्यासागर सोनकर की विधान परिषद निधि से श्री मार्कण्डेय महादेव तीर्थ क्षेत्र में महापुरुषों को समर्पित तीन प्रवेश द्वारों का निर्माण हुआ है।जिला मीडिया प्रभारी श्रीनिकेतन मिश्र ने बताया कि निकट भविष्य में जल्द ही गेस्ट हाउस निर्माण की आधार शिला केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद चंदौली डॉ पाण्डेय जी के कर कमलों द्वारा रखी जायेगी।

# संक्षिप्त खबरें

## पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ वाराणसी मंडल द्वारा पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ के वाराणसी मंडल कार्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम का किया गया शुभारम्भ



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ, वाराणसी मंडल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून सोमवार को पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ के वाराणसी मंडल कार्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ, उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विशेश्वर राय ने पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ के कार्यकर्त्ता एवं पदाधिकारियों को निम्न शपथ दिलवाया मैं ईश्वर को साक्षी मानते हुये निष्ठापूर्वक शपथ लेता हूँ कि मैं वनों, वन्यप्राणियों एवं पर्यावरण के संरक्षण हेतु अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दूँगा मैं स्वयं अपने कालोनी, कार्यालय, घर एवं खेत में वृक्ष लगाऊँगा एवं उनको संरक्षित भी करूँगा` हम शपथ लेते हैं कि हम प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे और अन्य लोगों को भी प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए प्रेरित करेंगे वार्ड नं. 07 लोको छित्तुपुर के पार्षद विवेक कुशवाहा (राजा) द्वारा पेड़ लगाकर वृक्षारोपण किया गया उन्होंने कहा कि इन्सान को जीवित रहने के लिए प्रकृति से दोस्ती होनी जरुरी है यदि हवा और पानी को प्रदूषित होने से बचा लिया जाये तो आने वाले भविष्य में अगली पीढ़ी को हम एक स्वस्थ और अच्छा वातावरण दे सकते है पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ के जोनल अध्यक्ष अरविन्द कुमार ने कहा प्रदूषित वातावरण के कारण मानवता के विनाश का खतरा उत्पन्न हो गया है उन्होंने सभी रेल कर्मचारियों से प्लास्टिक मुक्त रेल बनाने में अपना योगदान देकर भारत सरकार के अभियान को सफल बनाने का आग्रह किया कार्यकम में पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ के मंडल मंत्री हरि नारायण शर्मा, संगठन मंत्री विकास केशरी, सहायक मंत्री सर्वेश मौर्या, आशुतोष दूबे, सिल्वेस्टर मिंज, रंजीत कुमार, सुरेन्द्र यादव, प्रेमचंद , उमेश कुमार, मोनू आदि उपस्थित रहे।

## सुधाकर महिला शिक्षण संस्थान समूह में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण और शपथ कार्यक्रम का आयोजन




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। पाण्डेयपुर स्थित सुधाकर महिला शिक्षण संस्थान समूह में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में 5 जून सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वयंसेवी छात्राओं द्वारा शपथ समारोह और पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया` इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी प्रथम इकाई डॉ० मनोरमा तिवारी, द्वितीय इकाई डॉ. पूजा सिंह, तृतीय इकाई - डॉ. शालिनी मिश्रा ने अपनी-अपनी स्वंयसेवी छात्राओं द्वारा पौधारोपण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसके साथ ही शपथ समारोह में स्वयंसेवी छात्राओं के साथ समस्त शिक्षक व शिक्षिकाओं और कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए दैनिक जीवन में जागरूक रहना और प्रेरित करना और ईश्वर को साक्षी मानते हुये निष्ठापूर्वक शपथ लेती हूँ कि मैं वनों, वन्य प्राणियों एवं पर्यावरण के संरक्षण हेतु अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दूँगी मैं स्वयं अपने घर व खेत में वृक्ष लगाऊँगी एव उनको संरक्षित करूंगी स्वयंसेविकाओं ने भी इस शपथ समारोह में संस्था प्रमुख व प्राचार्य डॉ० प्रभु नारायण दूबे, समन्वयक डॉ. अशोक कुमार पाण्डेय, निदेशक श्री आशीर्वाद दूबे उपप्राचार्या डॉ. रमा दूबे और इण्टरमीडिएट कालेज की प्रधानाचार्या श्रीमती आशा पाण्डेय भी सम्मिलित रही`स्वयंसेविकाओ ने भी अपने विचार व्यक्त किए और साथ में विश्व पर्यावरण दिवस पर रैली का भी आयोजन किया गया इस विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम पर संस्था प्रमुख व प्राचार्य डॉ० प्रभु नारायण दूबे ने कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन के रक्षक है इसलिए अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण किया जाना चाहिए समन्वयक अशोक कुमार पाण्डेय ने कहा की पौधारोपण के कार्यक्रम से हम अपने वर्तमान पीढ़ी के साथ-साथ अपने भविष्य के पीढ़ी को भी सुरक्षित रख सकते हैं` निदेशक श्री आशीर्वाद दूबे ने कहा कि प्लास्टिक मुक्त प्रदूषण की संकल्पना को साकार करना है कार्यक्रम के आयोजन का समन्वय डॉ.श्याम सुन्दर मिश्रा और डॉ. राजकुमार श्रीवास्तव ने किया।

## कायस्थ महासभा ने पौधरोपण कर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सोमवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा गाजीपुर के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष अरूण कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर नूरपुर कैथवलिया गांव में पौधरोपण कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई। इस संगोष्ठी को संबोधित करते हुए महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव ने कहा आज पर्यावरण दूषित होने से मानव जीवन संकट में है। लगातार बढ़ते प्रदूषण,ग्लोबल वार्मिंग, लगातार कटते पेड़-पौधों से धरती पर गंभीर संकट पैदा हो गया है।इस संकट से बचने के लिए पर्यावरण को शुद्ध और संरक्षित रखने की जरूरत है। हम इस समस्या का निदान बड़ी संख्या में पेड़ लगाकर कर सकते हैं।आज हमें लोगों को पर्यावरण और प्रकृति को संरक्षित रखने के लिए स्वयं जागरूक और लोगो को भी जागरूक करने की जरूरत है।यदि पर्यावरण सुरक्षित नहीं रहा तो इंसान का अस्तित्व खतरे में पड़ जायेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से अशोक कुमार सिन्हा एडवोकेट, चन्द्रप्रकाश श्रीवास्तव, मोहनलाल श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, लल्लन जी, शिवशंकर लाल, रामकरन, विनोद कुमार,और दुखन्तीआदि उपस्थित थे। इस संगोष्ठी का संचालन ए के सिन्हा उर्फ विपुल श्रीवास्तव ने किया।

## पुलिस मुठभेड़ में दो तमंचा पांच कारतूस संग चार अंतरप्रांतीय अपराधी गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा जनपद में अपराध व अपराधियों के विरूध्द चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना भांवरकोल व स्वाट टीम को मुखबिर के जरिए सूचना प्राप्त हुई कि बिहार प्रांत से कुछ बदमाश चोरी का ट्रैक्टर मय ट्राली के थाना क्षेत्र में सक्रिय हैं कि सूचना पर सर्व संबंधित को सूचित कराते हुए थाना भावरकोल व स्वाट टीम के द्वारा अवथही मोड़ पर चेकिंग की जा रही थी कि समय करीब पौने दस बजे पल्सर सवार तीन बदमाश पखनपुरा की तरफ से तेज रफ्तार से अवथही मोड़ की तरफ आते हुए दिखाई दिए।जिन्हें अवथही मोड़ पर पुलिस व एसओजी टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर करते हुए अवथही रोड पर भागने में मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई, बदमाशों द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से लगातार फायरिंग की जा रही थी। पुलिस की आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया तथा उसके दो साथी को घेर घार कर मौके से पकड़ लिए गए तथा इनका एक अन्य साथी जो चोरी की ट्रैक्टर मय ट्राली लेकर पीछे से आ रहा था। वह पुलिस टीम को देखकर ट्रैक्टर छोड़कर भागने लगा तो उसे भी घेरघार कर पकड़ लिया गया।

# आदित्य धर की इस बात पर दिल हार बैठी थीं यामी गौतम

बॉलीवुड एक्ट्रेस यामी गौतम इंडस्ट्री की उन अभिनेत्रियों में से एक हैं, जिन्होंने अपने दम पर सफलता का स्वाद चखा है। यामी ने करियर के शुरुआत से ही फिल्म के बजट से ज्यादा उसकी कहानी को महत्व दिया। यामी के फैंस हमेशा ही उनकी प्रोफेशनल लाइफ के साथ उनकी पर्सनल लाइफ और लव लाइफ के बारे में जानने के लिए बेकरार रहते हैं। अगर आप यामी और आदित्य धर की लव स्टोरी के बारे में नहीं जानते हैं तो हम उनकी वेडिंग एनिवर्सरी पर आपको उनकी दिलचस्प प्रेम कहानी के बारे में बताने जा रहे हैं।

**शादी में शामिल हुए थे सिर्फ 18 लोग**



यामी गौतम ने 6 साल बड़े डायरेक्टर आदित्य धर से 4 जून, 2021 में बेहद ही सिंपल तरीके से शादी की है। दोनों ने शादी में होने वाले तमाम तामझाम से खुद को दूर रखते हुए परिवार और खास दोस्तों की मौजूदगी में सात फेरे लिए थे। दोनों की शादी कोरोना के दौरान हुई थी। ऐसे में उनकी शादी में सिर्फ 18 लोग शामिल हुए थे। वहीं, शादी में यामी ने अपनी मां की 33 साल पुरानी सिल्क की साड़ी पहनी थी। उनका सिंपल लुक सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया गया था। यामी और आदित्य की शादी की तस्वीरें देखने के बाद लोग हैरान रह गए थे। यामी गौतम की लव लाइफ काफी दिलचस्प है। दोनों की दोस्ती 2019 में फिल्म उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक के सेट पर बातचीत से शुरू हुई थी। फिल्म के प्रमोशन के साथ दोनों की दोस्ती और भी गहरी होती चली गई। ऐसे में कब वो एक दूसरे को दिल दे बैठे उन्हें खुद भी पता नहीं चला, लेकिन उन्होंने हमेशा ही अपने रिश्ते की भनक किसी को लगने नहीं दी। यामी गौतम ने एक इंटरव्यू में बताया था कि वो और आदित्य अपनी लाइफ को पर्सनल रखना पसंद करते हैं। यामी ने आदित्य का एक किस्सा शेयर करते हुए बताया था कि सेट पर कुरू की सदस्य जमीन पर बैठी थीं और आदित्य कुर्सी पर थे। ऐसे में आदित्य ने उन्हें जमीन पर बैठे देखा तो उन्हें तुरंत अपनी कुर्सी दे दी। दूसरों के लिए ये बात काफी छोटी होगी, लेकिन मेरे ये बात काफी अहम थी। इन्हीं छोटे बातों के कारण हमारा रिश्ता प्रोफेशनल से आगे बढ़ा और शादी तक पहुंचा।

# भारतीय मॉडल नीलम गिल को डेट कर रहे हैं लियोनार्डो

हॉलीवुड सुपरस्टार लियोनार्डो डिकैप्रियो अपनी फिल्मों से ज्यादा अपने पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। उनके लव अफेयर्स की लिस्ट काफी लंबी है। थाली के बैंगन की तरह उनका दिल है जो कभी इधर उधर होते रहता है.। ऐसे में एक बार फिर एक्टर सुर्खियों में आ गए हैं। उन्हें लंदन में भारतीय मूल की एक ब्रिटिश मॉडल नीलम गिल के साथ डिनर करते हुए स्पॉट किया गया। तब से ही वो सुर्खियों में बने हुए हैं। इंटरनेट पर एक्टर की लव लाइफ एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया है। लोगों के जहन में सवाल उठ रहे हैं कि क्या लियोनार्डो को नया प्यार मिल गया है। एक्टर के साथ उनकी मां इरमेलिन इंडेनबिरकेन और उनके कुछ दोस्त भी स्पॉट किए गए. कहा जा रहा है कि दोनों अपना रिश्ता ऑफिशियल करने वाले हैं। एक्टर की मां उनकी गर्लफ्रेंड से मिल चुकी हैं और उन्होंने भी नीलम गिल को अप्रूव कर दिया है। बता दें नीलम गिल एक भारतीय हैं।



# कान्स में ऋचा चड्ढा ने महंगे डिजाइनर को किया डिच

दुनिया का सबसे बड़ा फिल्म फेस्टिवल, कांस फिल्म फेस्टिवल खत्म हो चुका है। हर साल की तरह इस बार भी कान्स फिल्म फेस्टिवल सुर्खियों में छाया रहा, लेकिन इसका काफी क्रडिट भारतीय मुल्क के लोगों को भी जाता है, जिन्होंने अपने शानदार अपीयरेंस से फेस्टिवल की शान बढ़ाई। इस साल बॉलीवुड से कई ऐक्ट्रेसेज ने कांस फिल्म में डेब्यू किया था। कुछ हसीनाएं हिट रही तो कुछ फ्लॉप। ऐसे में एक बॉलीवुड एक्ट्रेस की जमकर तारीफ हो रही है. इनके पहनावे को बहुत पसंद किया जा रहा है और वो हैं ऋचा चड्ढा। बता दें एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने कांस के आउटफिट की तस्वीरें अपलोड की। इन तस्वीरों में ऋचा पिंक कलर के एंकल-लेंथ ड्रेस में नजर आ रही हैं। जिसमें वो बेहद खूबसूरत लग रही हैं। इस ड्रेस पर उन्होंने बेल्ट कैरी किया है, कानों में मैचिंग इयररिंग्स और व्हाइट कलर के हिल्स में वो गजब की सुंदर लग रही हैं। उनका मिनिमल लुक लोगों को खूब पसंद आ रहा हैं। वहीं एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीर के कैप्शन में इस बात का खुलासा किया की उनका ये ड्रेस उनके पति ने गिफ्ट किया है।






# ये स्टार किड्स जिस फिल्म में होते हैं करवा देते हैं फ्लॉप

बॉलीवुड में चल रहे इनसाइडर-आउटसाइडर और नेपोटिज्म की बहस का कोई अंत नहीं है। जब भी बॉलीवुड में कोई नया स्टार- किड लांच होता है नेपोटिज्म पर बहस शुरु हो जाती है। जब बात स्टारडम की आती है तो स्टार किड्स के लिए फिल्मों में एंट्री लेना तो बहुत आसान होता है, लेकिन फिल्मों में सफलता की गारंटी उन्हें कोई नहीं दे सकता। अगर कोई फिल्म चलती है तो वो सिर्फ दर्शकों की वजह से। आज हम ऐसे स्टार किड्स के बारें में बताएंगे जिन्होंने बॉलीवुड में एंट्री तो बड़े ही धूम के साथ ली थी, लेकिन वो बड़े पर कोई कमान नहीं दिखा पाए।





**सोनम कपूर**

बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनम कपूर संजय लीला भंसाली की फिल्म सावंरिया से इंडस्ट्री में कदम रखा था। उन्होंने कई फिल्मों में काम किया, लेकिन लगभग उनकी सभी फिल्में बॉक्सऑफिस पर फ्लॉप रहीं। अनिल कपूर की बेटी होने की वजह से उन्हें फिल्में तो मिल जाया करती थीं लेकिन फिल्में चल नहीं पाती थी। इसे सोनम की खराब किस्मत ही कहेंगे कि इतना सब कुछ होने के बावजूद बॉलीवुड में वो अपनी सिक्का नहीं जमा पाई।

**अनन्या पांडे**

करण जौहर की (स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2) से अनन्या ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसके बाद अन्नया कई फिल्मों में नजर आई हैं। अनन्या कि पिछली फिल्म लाइगर बॉक्सऑफिस पर बुड़ी तरह से पिट गई है। खबरों के मुताबिक इंडस्ट्री में डायरेक्टर्स एक्ट्रेस की एक्टिंग से बिल्कुल खुश नहीं है। जिस वजह से अनन्या को ज्यादा फिल्में ऑफर नहीं हो रही है।

**सारा अली खान**

बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान असल जिंदगी में राजकुमारी हैं। वो सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी हैं। सारा ने इंडस्ट्री में केदारनाथ फिल्म से कदम रखा था। उनकी शुरुआत तो काफी दमदार थी, लेकिन उसके बाद उनकी कई फिल्में फ्लॉप हो गईं। जिस वजह से सारा को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बता दें सारा और विक्की की फिल्म जरा बचके बरा हटके हाल ही में रिलीज हुई है। इस फिल्म से सारा को बहुत उम्मीदे हैं।

**जाह्नवी कपूर**

जाह्नवी कपूर ने धड़क फिल्म से लोगों की धड़कने चुरा ली थी, लेकिन इस फिल्म के बाद उन्होंने लगातार फ्लॉप दी हैं। उनकी फ्लॉप फिल्मों की लिस्ट कुछ ज्यादा लंबी है।

**परिणीति चोपड़ा**

इशकजादे फिल्म से उन्होंने बॉलीवुड में कदम रखा। मगर एक्ट्रेस की एक भी फिल्म ऐसी नहीं है जो चर्चा का विषय बनी हो। लगातार फ्लॉप फिल्में देने के बाद एक्ट्रेस जल्द ही शादी करने वाली हैं।

# चिड़ियाखाना: छोटे बजट का औसत मसाला
## जरा हटके जरा बचके: आवास घोटाले का पर्दाफाश


**फिल्म समीक्षा-दिनेश शर्मा**

फिल्मों के जरिए आम जिंदगी की पीड़ा को परोसना एक साधन बनता जा रहा है। हाल ही में प्रदर्शित चिड़ियाखाना को जहां छोटे बजट की औसत दर्जे की मनोरंजक फिल्म का दर्जा दिया जा सकता है वहां जरा हटके जरा बचके में प्रेम कथा के साथ सरकारी फ्री आवास योजनाओं का पर्दाफाश किया गया है। राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम के बैनर पर बनी फिल्म चिड़ियाखाना में फुटबॉल के सहारे झोपड़पट्टी जिंदगी और भूमाफिया की घटिया चालो को उधेड़ा है। हालांकि राष्ट्रीय विकास निगम के सहयोग से बनी फिल्में दम तोड़ रही हैं फिर भी चिड़ियाखाना को छोटे बजट की दर्शनीय फिल्म कहा जा सकता है। मनीष तिवारी द्वारा लिखित एवं निर्देशित फिल्म में रितिक साहोर, अवनीत कौर, राजेश्वरी सचदेवा, प्रशांत नारायण, गोविंद नामदेव, अंजन श्रीवास्तव और रवि किशन आदि पात्रों ने फिल्म मे बखूबी हाजिरी दर्ज कराई है। फिल्म की कहानी फुटबॉल के खेल के सहारे कहने का प्रयास किया गया है। फुटबॉल प्रेमियों का फिल्म पसंद आएगी। कहानी में बिहार से अपनी मां के साथ मुंबई आए एक लड़के से शुरू होती है। खेल के मैदान को बचाने के लिए झोपड़पट्टी छात्रों द्वारा जान की बाजी लगाने के दृश्य दर्शकों को उत्साहित करेंगे। फिल्म का अंत सुखद दिखाया गया है।





**जरा हटके जरा बचके:** इसी क्रम में लेखक मैत्रेय वाजपेयी और रलीम इल्महा खान द्वारा लिखित फिल्म जरा हटके जरा बचके में बड़े शहरों में मकानों की चाहत के लिए परिवारों द्वारा संघर्ष करने की सच्चाई परोसी गई है। इतना ही नहीं सरकारी आवास पाने के लिए पति पत्नी तलाक को विवश होते हैं। विकी कौशल और सारा अली खान ने कहानी को संभाला है। सारा अली खान का अभिनय विकी कौशल पर भारी पड़ता नजर आया। फिल्म के निर्देशक लक्ष्मण अतेकर और निर्माता दिनेश विजन और ज्योति देशपांडे के प्रयासों से इनामुल हक, नीरज सूद, राकेश बेदी आदि ने अपना किरदार बखूबी निभाया है। इस फिल्म से पर्दाफाश किया गया है कि पूरे देश में बन रहे फ्री के पक्के मकानों के पीछे कैसे एक माफिया अपनी रोटियां सेकने में लगा हुआ है। फिल्म एक बार देखने मे कोई घाटा नहीं है।



# इन फिल्मों में दिखाए गए हैं कई रेल हादसे

बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड की कई फिल्मों और वेब सीरीज में रेल हादसे दिखाए गए हैं। इन फिल्मों की फेहरिस्त बहुत ही लंबी है, आज हम ऐसी ही कुछ फिल्मों की बात करने जा रहे हैं जिनमें ट्रेन एक्सीडेंट्स पर कहानी बुनी गई है...।



**द बर्निंग ट्रेन**

द बर्निंग ट्रेन फिल्म में विनोद खन्ना, धर्मेंद्र, हेमा मालिनी, जीतेंद्र, परवीन बाबी और डैनी जैसी कई एक्टर्स ने काम किया है। द बर्निंग ट्रेन की कहानी में एक चलती ट्रेन में आग लग जाती है, जिसके ब्रेक्स भी फेल हो जाते हैं। हजारों की जान बचाने के लिए फिल्म में कई ट्वीस्ट एंड टर्न देखने को मिलते हैं।

Disaster On the Coastliner- एक अमेरिकन टेलिविजन एक्शन ड्रामा फिल्म है जो साल 1979 में आई थी। इस फिल्म की कहानी दो पैसेंजर ट्रेन्स के बीच टक्कर पर बेस्ड है।

nstoppable: ये फिल्म एक रियल लाइफ बेस्ड एक्सीडेंट पर बेस्ड है। साल 2010 में आई अमेरिकन डिजास्टर एक्शन थ्रिलर फिल्म का डायरेक्शन और प्रोडक्शन टॉनी स्कॉट और डैन्जल वाशिंगटन ने किया था। यह फिल्म रियल लाइफ CSX 8888 हादसे पर बेस्ड है जो एक भागती मालगाड़ी ट्रेन की कहानी है जिसे दो लोग रोकने की कोशिश करते।

Runaway Train साल 1985 में रिलीज हुई थी। अमेरिकन एक्शन थ्रिलर फिल्म उन तीन लोगों की कहानी है जो एक भागती ट्रेन में फंस जाते हैं और वह ट्रेन अलास्का की बर्फ में लगातार दौड़ती रहती है। यह फिल्म ऑस्कर के लिए भी नॉमिनेट हो चुकी है।

D-Railed फिल्म साल 2019 में रिलीज हुई थी। यह एक थ्रिलर और हॉरर फिल्म है। फिल्म में ट्रेन एक्सीडेंट के बाद रेलगाड़ी नदी में गिर जाती है, और लोग डूबती ट्रेन में फंस जाते हैं। लेकिन कहानी का ट्वीस्ट पानी की गहराईयों में छिपा है।

## संक्षिप्त खबरें

### रूस से तेल आयात बढ़ा

नई दिल्ली। भारत का रूस से सस्ते कच्चे तेल का आयात मई माह में रिकार्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है। उद्योग के आंकड़ों से पता चलता है कि अब रूस से आयात सऊदी अरब, इराक, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और अमेरिका से सामूहिक रूप से खरीदे गए तेल के आंकड़े को भी पार कर गया है। ऊर्जा की खेप की निगरानी करने वाली वॉर्टेक्सा के आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने मई में रूस से प्रतिदिन 19.6 लाख बैरल तेल का आयात किया, जो अप्रैल के पिछले उच्चस्तर से 15 प्रतिशत अधिक है। अब भारत के कुल कच्चे तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी 42 प्रतिशत हो गई है। यह हाल के बरसों में किसी एक देश के लिए सबसे अधिक हिस्सेदारी है।

### ओप्पो का नया फोन

नई दिल्ली। नोमोफोबिया की समस्या से निपटने और टिकाऊ बैटरी की जरूरत पूरी करने के लिए ओप्पो ने एफ23 5जी पेश किया है। कंपनी के चीफ मार्केटिंग आफिसर, दमयंत खनोरिया ने कहा कि हैंडसेट में ओप्पो की प्रोप्रायटरी 67वाट सुपरवूक फ्लैश चार्जिंग है, जो इस डिवाइस को 18 मिनट में 50 प्रतिशत चार्ज कर देती है, तथा 5 मिनट की चार्जिंग में 6 घंटे तक फोन काल की जा सकती है या 2.5 घंटे तक यूट्यूब वीडियो देखा जा सकता है। कंपनी को उम्मीद है कि बेहतरीन बैटरी बैकअप के कारण यह फोन लोगों की पहली पसंद बनेगा।

### 7 कंपनियों का एमकैप घटा

नई दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 65,656.36 करोड़ रुपए की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 45.42 अंक या 0.07 प्रतिशत के लाभ में रहा, जबकि नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी 34.75 अंक या 0.18 प्रतिशत चढ़ा। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी, इन्फोसिस और एचडीएफसी के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई।(एजेंसी)

# अधिक विदेशी गंतव्यों के लिए सीधी उड़ानों का हकदार है भारत

■ अस्वस्थ है घरेलू एयरलाइन उद्योग ■ अच्छी तरह सफल हो रही है इंडिगो ■ इंडिगो को अच्छी प्रतिस्पर्धा देगी टाटा



नई दिल्ली (भाषा)। एयर इंडिया के प्रमुख कैंपबेल विल्सन का मानना है कि भारत और अधिक गंतव्यों के लिए सीधी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का हकदार है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि घरेलू एयरलाइन उद्योग 'स्वस्थ' नहीं है जिसकी वजह से काफी हद तक भारत अपनी स्थिति को कायम नहीं रख सका है। विल्सन एयर इंडिया की विस्तार योजनाओं की अगुवाई कर रहे है। बेड़े के साथ-साथ एयरलाइन मार्गो का भी विस्तार कर रही है।

उन्होंने कहा कि इंडिगो अच्छी तरह से सफल हो रही है और टाटा की एयरलाइंस का एक साथ आना इंडिगो की ताकत के लिए एक अच्छा प्रतियोगिता प्रदान करता है। एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक विल्सन ने एक साक्षात्कार कहा, 'उम्मीद है कि इससे एक टिकाऊ और मुनाफे वाला बाजार बनाने में मदद मिलेगी। इससे एयरलाइंस नए उत्पादों में निवेश करेंगी, नेटवर्क का विस्तार करेंगी और भारत को विश्व विमानन मंच पर अपना स्थान हासिल करने में मदद मिलेगी।'

■ एयर इंडिया प्रमुख कैंपबेल विल्सन ने कहा, भारतीय विमानन कंपनियों की तुलना में विदेशी एयरलाइंस भारत में फायदा उठाने में ज्यादा कामयाब रहीं

टाटा समूह ने पिछले साल जनवरी में सरकार से एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस का अधिग्रहण किया था।

वर्तमान में समूह के पास चार एयरलाइन कंपनियां एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस, एआईएक्स कनेक्ट (पूर्व में एयरएशिया इंडिया) और विस्तार (सिंगापुर एयरलाइंस के साथ संयुक्त उद्यम) है। समूह एयर इंडिया एक्सप्रेस और एआईएक्स कनेक्ट और विस्तार का एयर इंडिया के साथ विलय करने की प्रक्रिया में भी है। गो फर्स्ट के संकट के बारे में पूछे जाने पर विल्सन ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। नकदी संकट से जूझ रही किफायती सेवा कंपनी गो फर्स्ट की उड़ानें तीन मई से बंद है। फिलहाल एयरलाइन स्वैच्छिक दिवाला समाधान प्रक्रिया है। एयर इंडिया के सीईओ और प्रबंध निदेशक ने कहा कि यह पहली बार नहीं है कि देश में कोई एयरलाइन विफल हुई है और मुझे लगता है कि यह उद्योग की ऐसी संरचना को रेखांकित करता है जो एक स्वस्थ, जीवंत, लाभदायक उद्योग के अनुकूल नही है।'

उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ घरेलू एयरलाइन उद्योग नही होने के चलते भारत कुछ मामलों में अपनी नियति को नियंत्रित करने में सक्षम नही रहा है। भारत में आने वाली कुछ विदेशी एयरलाइंस ने भारतीय विमानन कंपनियों की तुलना में बढ़ते भारतीय बाजार का अधिक लाभ उठाया है। विल्सन ने कहा कि हम विमानों, उत्पादों, लोगों और प्रणालियों में निवेश जारी रखेंगे।

## हीरो मोटोकॉर्प ने ई-स्कूटर विडा वी1 प्रो का दाम छह हजार रुपए तक बढ़ाया

नई दिल्ली (भाषा)।

देश की सबसे बड़ी दोपहिया कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों पर सब्सिडी घटने के बाद अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर विडा वी1 प्रो की कीमत में करीब 6,000 रुपए की बढ़ोतरी की है। यह वृद्धि एक जून से लागू हो गई है।

कंपनी का प्रमुख इलेक्ट्रिक स्कूटर विडा वी1 प्रो अब फेम-दो सब्सिडी और पोर्टेबल चार्जर सहित 1,45,900 रुपए में है। यह पहले के दाम से करीब 6,000 रुपए ज्यादा है। कंपनी के एक डीलर ने कहा कि फेम-दो के तहत एक जून से सब्सिडी में कटौती का ज्यादातर बोझ कंपनी ने खुद वहन किया और ग्राहकों पर सीमित भार डाला है।

# भारत पे में चयनित वेंडरों पर भी उठाए गए थे सवाल

■ इन वेंडरों को अधिक भुगतान पर भी डेलॉयट ने जताया था ऐतराज

नई दिल्ली (भाषा)।

लेखा फर्म डेलॉयट ने भारत पे में गलत तरीके से चयनित वेंडरों और अधिक भुगतान पर सवाल उठाए थे। गौरतलब है कि भारत पे के पूर्व प्रबंध निदेशक एवं सह-संस्थापक अशनीर ग्रोवर पर धोखाधड़ी और धन के गबन का आरोप है।

भारतपे की ताजा वार्षिक रिपोर्ट में उसके वैधानिक लेखा परीक्षक डेलॉयट की राय दी गई है। इसमें कहा गया कि वेंडर चयन के लिए कंपनी की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली प्रभावी ढंग से काम नहीं कर रही थी। इसके चलते गलत तरीके से मंजूर की गई कीमतों पर खरीद हुई। भारत पे की वार्षिक रिपोर्ट के एक पन्ने में लेखा परीक्षकों की राय दी गई है। इसमें कहा गया है कि लेखा परीक्षकों ने निदेशक मंडल को धोखाधड़ी की किसी घटना के बारे में नहीं बताया। ग्रोवर ने इसी बात का इस्तेमाल मीडिया खबरों को गलत बताने के लिए किया था और कहा कि किसी भी पत्रकार ने भारत पे की वार्षिक रिपोर्ट नहीं पढ़ी है, जिसमें स्पष्ट रूप से किसी भी धोखाधड़ी की बात नहीं लिखी गई है। हालांकि, जब वार्षिक रिपोर्ट के पिछले पन्ने की ओर इशारा किया गया, तो उन्होंने आडिटर की भूमिका पर सवाल उठा दिए। उन्होंने रिपोर्ट में बताई गई डेलॉयट की चिंताओं का जवाब नहीं दिया।

■ भारत पे की वार्षिक रिपोर्ट में उसके वैधानिक लेखा परीक्षक डेलॉयट ने दी है यह राय
■ कहा, वेंडरों के चयन में कंपनी की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली ठीक से नहीं कर रही थी काम
■ इसके चलते गलत तरीके से मंजूर की गई कीमतों पर हुई खरीद
■ लेखा परीक्षकों ने कंपनी बोर्ड को नहीं दी गड़बड़ी की जानकारी



भारतपे ने पुलिस और अदालती शिकायतों में आरोप लगाया है कि ग्रोवर, उनकी पत्नी माधुरी जैन और परिवार के अन्य सदस्यों ने फर्जी बिल बनाए। उन्होंने कंपनी को सेवाएं देने के लिए फर्जी वेंडरों को सूचीबद्ध किया और फर्म से अधिक शुल्क लिया। कंपनी ने इसके चलते हुए नुकसान की भरपाई के लिए 88.67 करोड़ रुपए की मांग की है।

बहरहाल अश्नीर ग्रोवर गलत हैं या सही इसकी जांच की जा रही है। जांच के परिणाम सामने आने के बाद ही यह कहा जा सकता है कि इस मामले में क्या सही है और क्या गलत

## भारत के पास अविश्वसनीय इंजीनियरिंग शक्ति : सईद

सिलिकॉन वैली (भाषा)।

सिलिकॉन वैली स्थित एक प्रमुख स्टार्टअप के प्रमुख ने भारत को एक 'अविश्वसनीय इंजीनियरिंग शक्ति' बताया है। उन्होंने कहा कि अगर देश इस क्षमता को पहचान ले, तो वहां गूगल और माइक्रोसॉफ्ट जैसी दुनिया की कुछ बेहतरीन कंपनियां पैदा हो सकती है।

'प्लग एंड प्ले' के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सईद अमीदी ने कहा कि भारतीय लोग अत्यधिक प्रतिभाशाली और स्मार्ट है, यही वजह है कि 50 प्रतिशत स्टार्टअप के संस्थापक भारत से है। प्ल एंड प्ले निवेशकों, स्टार्टअप और दुनिया के बड़े कंपनियों को आपस में जोड़ने का काम करता है। उन्होंने कहा, 'मै आपको बता सकता हूं कि इस इमारत में जो स्टार्टअप है, या जो प्लग एंड प्ले से जुड़े है या जिनमें हम निवेश करते है, उनमें से 50 प्रतिशत भारत से है।'

इस सप्ताह की शुरुआत में प्लग एंड प्ले ने एआई और अन्य संबंधित तकनीकों पर एक संवाद सत्र के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मेजबानी की थी। एक सवाल के जवाब में सईद ने कहा कि उनके शोध के मुताबिक भारत एक अविश्वसनीय इंजीनियरिंग शक्ति है। उन्होंने कहा, 'अगर मै गलत नही हूं, तो सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग में हर साल करीब 40 लाख नए स्नातक तैयार होते है। मुझे लगता है कि भारत में आपके पास यही शक्ति है।

# ब्याज दरों को यथावत रख सकता है रिजर्व बैंक

मुंबई (भाषा)।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अप्रैल में खुदरा मुद्रास्फीति में गिरावट और आगे इसमें और राहत मिलने की उम्मीद के बीच आठ जून को नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रख सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह पूर्व में नीतिगत मोर्चे पर की गई कार्रवाई के प्रभावी रहने का संकेत होगा।



रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास की अगुवाई वाली छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक छह से आठ जून तक होनी है। मौद्रिक नीति की 43वीं बैठक के निर्णयों की घोषणा आठ जून यानी बृहस्पतिवार को होगी। अप्रैल में पिछली एमपीसी बैठक में आरबीआई ने ब्याज दर वृद्धि को रोक दिया था और रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर कायम रखा था। इससे पहले महंगाई पर लगाम लगाने के लिए मई, 2022 के बाद से लगातार वृद्धि करते हुए नीतिगत दर रेपो में 2.5 प्रतिशत वृद्धि की गई थी।

एमपीसी की बैठक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति के अप्रैल में 18 महीनों के निचले स्तर 4.7 प्रतिशत पर आने के बाद हो रही है। आरबीआई गवर्नर ने हाल ही में संकेत दिए थे कि मई में यह आंकड़ा अप्रैल से भी नीचे जा सकता है। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि आरबीआई के ब्याज दरों पर विराम लगाने और नीतिगत दर रेपो के 6.5 प्रतिशत पर ही रहने की बहुत ज्यादा संभावना है। मई के लिए सीपीआई की घोषणा 12 जून को होगी।

विशेषज्ञों का कहना है कि आरबीआई की मानसून की प्रगति पर भी नजर है और अल नीनो खरीफ की फसल पर दुष्प्रभाव डाल सकता है, जिससे कीमतों पर भी प्रभाव पड़ सकता है।

बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक रजनीश कर्नाटक ने बताया, 'जहां तक बैंकरों की बात है, मै सिर्फ यही कहूंगा कि रिजर्व बैंक की नीतिगत दर रेपो पहले ही 2.5 प्रतिशत बढ़ चुकी है। बैंकिंग के मामले में बाजार से अपेक्षाएं है कि हम रेपो दर में वृद्धि की बिल्कुल उम्मीद नही कर रहे है। कर्नाटक ने कहा, 'अगर आप थोक और खुदरा मुद्रास्फीति को देखेंगे, तो यह अब कम हुई है। मुझे लगता है कि आरबीआई अब विराम लगाएगा और रेपो दर में वृद्धि नही होगी।'

## ई-कामर्स नीति के लिए अंतर मंत्रालयी विचार-विमर्श जारी

नई दिल्ली (भाषा)।

ई-कामर्स नीति पर अंतर-मंत्रालयी विचार-विमर्श की प्रक्रिया जारी है। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआई) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि यह नीति क्षेत्र के समावेशी और सामंजस्यपूर्ण विकास के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करने में मदद करेगी।

सिंह ने कहा कि मोटे तौर पर यह नीति उपभोक्ता संरक्षण नियमों के साथ काम करेगी। उन्होंने कहा कि इस नीति का उद्देश्य कारोबार सुगमता, आधुनिक प्रौद्योगिकी, आपूर्ति चेन के एकीकरण और निर्यात बढ़ाने के लिए सुव्यवस्थित नियामकीय ढांचे के जरिए ई-कामर्स क्षेत्र के समावेशी विकास के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करने की रणनीति तैयार करना है।

# रेल दुर्घटना से जुड़े बीमा दावों का त्वरित निपटान करेगी एलआईसी

नई दिल्ली (एजेंसियां)। ओडिशा के बालासोर में हुई दुखद ट्रेन दुर्घटना पर एलआईसी आफ इंडिया ने गहरा दुख व्यक्त किया है। कंपनी के अध्यक्ष सिद्धांत मोहंती ने कहा कि कंपनी दुर्घटना से प्रभावित लोगों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है और वित्तीय राहत प्रदान करने के लिए दावों निपटान में तेजी लाएगी। मोहंती ने इस दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी संवेदनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि हमने एलआईसी पालिसी और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के दावेदारों की कठिनाइयों को कम करने के लिए कई रियायतों की घोषणा की।

उन्होंने बताया कि पंजीकृत मृत्यु प्रमाण पत्र के बदले में रेलवे अधिकारियों, पुलिस या किसी राज्य या केंद्र सरकार के प्राधिकरणों द्वारा प्रकाशित हताहतों की सूची को मृत्यु के प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाएगा। दावा संबंधित प्रश्नों का उत्तर देने और दावेदारों को सहायता प्रदान करने के लिए मंडल और शाखा स्तर पर विशेष हेल्प डेस्क स्थापित किए गए है। यह सुनिश्चित किया गया है कि दावेदारों तक पहुंचने के सभी प्रयास किए जाएंगे और प्रभावित परिवारों के दावों का तेजी से निपटारा किया जाए। उन्होंने कहा कि दावेदार कंपनी की नजदीकी से संपर्क कर सकते हैं साथ ही वे हमारे काल सेंटर 022 68276827 पर भी काल कर सकते है।

## यात्री वाहन खंड की वृद्धि दर घटकर 5-7 प्रतिशत रहने का अनुमान

नई दिल्ली (भाषा)।

टाटा मोटर्स का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में यात्री वाहन उद्योग की वृद्धि दर 27 प्रतिशत से घटकर 5-7 प्रतिशत तक रह जाएगी। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में दबी मांग की वजह से यात्री वाहनों की बिक्री वृद्धि अच्छी रही थी।

वृद्धि को बनाए रखने के लिए कंपनी ने सीएनजी और इलेक्ट्रिक सहित नए उत्पाद पेश करने की रणनीति बनाई है। टाटा मोटर्स के प्रबंध निदेशक (यात्री वाहन और इलेक्ट्रिक वाहन) शैलेश चंद्रा ने विश्लेषकों के साथ बातचीत में कहा कि स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) खंड में कुछ नए उत्पादों को छोड़कर यात्री वाहन खंड में मांग में वृद्धि अब स्पष्ट रूप से कम हो गई है।

# NCLT ने 180 समाधान योजनाएं मंजूर कीं

■ इससे दबाव वाली संपत्तियों से हुई 51424 करोड़ रुपए की प्राप्ति

नई दिल्ली (भाषा)।

राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने वित्त वर्ष 2022-23 में 180 समाधान योजनाओं को मंजूरी दी है। इससे दबाव वाली संपत्तियों से कुल प्राप्ति 51,424 करोड़ रुपए रही।

जहां तक ऋणदाताओं को प्राप्ति की बात है, तो वित्त वर्ष 2018-19 के बाद यह दूसरी सर्वाधिक वसूली है। उस समय 77 दिवाला समाधान प्रक्रियाओं से कुल वसूली 1.11 लाख करोड़ की रही थी। इनमें एस्सार स्टील और मोनेट इस्पात जैसे बड़े मामले भी शामिल थे।



इससे वित्त वर्ष 2022-23 में कर्ज में दबी फर्मो के लेनदारों को 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए 1,42,543 करोड़ रुपए के कुल स्वीकृत दावों का 36 प्रतिशत प्राप्त करने में मदद मिली है। वित्त वर्ष 2022-23 में एनसीएलटी ने कारपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) की शुरु आत के लिए ऋणदाताओं से 1,255 आवेदन स्वीकार किए। यह भी 2019 के बाद सबसे ऊंची संख्या है।

■ बीते वित्त वर्ष के हैं यह आंकड़े
■ वित्त वर्ष 2018-19 में 77 योजनाओं से मिले थे 1.11 लाख करोड़ रुपए

एनसीएलटी ने वित्त वर्ष 2021-22 में 147 समाधान योजनाओं, 2020-21 में 121 समाधान योजनाओं और 2019-20 में 134 समाधान योजनाओं को मंजूरी दी थी। आंकड़ों के अनुसार, एनसीएलटी ने वित्त वर्ष 2022-23 तक 678 समाधान योजनाओं को मंजूरी दी थी और ऋणदाताओं को 2.86 लाख करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई थी।

## कारपोरेटनामा

### पावरग्रिड ने किया कार्यशाला का आयोजन



नई दिल्ली (वि.)। पावरग्रिड द्वारा निवारक सतर्कता पर दिनांक 24 से 26 मई, 2023 तक मसूरी में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन ई2-ई7 स्तर के अधिकारियों के लिए किया गया। इस कार्यशाला में पावरग्रिड के उत्तरी क्षेत्र-1, उत्तरी क्षेत्र-2 और उत्तरी क्षेत्र-3 के प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यशाला का उद्घाटन पारंपरिक तरीके से पावरग्रिड के मुख्य सतर्कता अधिकारी धर्मेंद्र कुमार मदान ने किया। इस मौके पर वी.के. सिंह, निदेशक (कार्मिक), ए.के. मिश्रा, कार्यपालक निदेशक (उत्तरी क्षेत्र-), एस. पप्पू सिंह, मुख्य महाप्रबन्धक, (सतर्कता), केंद्रीय कार्यालय, मनोज कुमार, वरिष्ठ महाप्रबंधक (सतर्कता), उत्तरी क्षेत्र-1, जीएसआर राव, वरिष्ठ महाप्रबंधक (सतर्कता), उत्तरी क्षेत्र-3 और दीपक कुमार, उपमहाप्रबन्धक, (सतर्कता), उत्तरी क्षेत्र-2 भी उपस्थित थे। कार्यशाला के दौरान उद्घाटन भाषण में मुख्य सतर्कता अधिकारी ने कार्यशाला के लिए पावरग्रिड की संस्कृति की प्रशंसा की, जिसमें सतर्कता विभाग भ्रष्टाचार की रोकथाम के लिए अन्य विभागों के साथ भागीदारी के साथ बेहतर भूमिका का निर्वाहन कर रहा है।

### आईपीओ लाएगी इरेडा

नई दिल्ली (भाषा)। सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (इरेडा) के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए सितम्बर तक दस्तावेजों का मसौदा जमा कर सकती है। निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहिन कांत पांडेय यह जानकारी दी है। पांडेय ने कहा, 'हमने मर्चेंट बैंकरों की नियुक्ति की है और वे मूल्यांकन के साथ आगे बढ़ेंगे। हम तीन-चार माह में दस्तावेजों का मसौदा दाखिल कर पाएंगे।' नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के तहत सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम इरेडा नवीकरणीय ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण उपलब्ध कराती है।

### चितरंजन लोकोमोटिव के नए जीएम



नई दिल्ली (वि.)। भारतीय रेल के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग सर्विस के 1987 बैच के अधिकारी अधिकारी देबी प्रसाद दास चितरंजन लोकोमोटिव वर्क्स के महाप्रबंधक का पद भार एक जून से संभाल लिया है। इस जिम्मेदारी को संभालने से पहले दास आईसीएफ चेन्नई में प्रिंसिपल चीफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के पद पर कार्यरत रहे हैं। अपने तीस वर्ष के बेहतरीन कार्यकाल के दौरान रेलवे उन्होंने हर मोर्चे पर बेहतर प्रदनर्शन किया है। उन्होंने रेलवे की विभिन्न परियोजना के डिजाइन एवं विकास में भी अहम भूमिका निभाई है। चितरंजन लोकोमोटिव वर्क्स की अहम जिम्मेदारी संभालने के बाद उम्मीद है कि यह कारखाना और बेहतर कार्य निष्पादन करेगा।

### एसयूवी खंड में आगे रहेगी महिंद्रा

नई दिल्ली (भाषा)। महिंद्रा एंड महिंद्रा तेजी से बढ़ रहे स्पोर्ट्स यूटिलिटी वेहिकल (एसयूवी) खंड में अपनी अग्रणी स्थिति को चालू वित्त वर्ष में भी कायम रखने को प्रतिबद्ध है। समूह के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) मनोज भट ने कहा है कि इस खंड में मांग लगातार मजबूत बनी हुई है। महिंद्रा के एसयूवी खंड में लंबित ऑर्डर 2.92 लाख इकाई के है। कंपनी इस वर्ष के अंत तक अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने की भी योजना बना रही है, क्योंकि यह विभिन्न माडलों पर प्रतीक्षा अवधि को कम करना चाहती है। भट्ट ने कहा कि कंपनी के उत्पादों की भारी मांग है, जिसका अनुमान बुकिंग से लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा, 'अगर आप पिछली तिमाही में बुकिंग के आंकड़ों पर नजर डालें तो सभी माडलों की भारी मांग देखी गई।'

### एसआरएम और सीआरपीएफ में करार

नई दिल्ली (वि.)। एसआरएम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत एसआरएम द्वारा सीआरपीएफ कर्मचारियों के बच्चों के लिए शिक्षा कार्यक्रमों के अलावा शहीदों के तीन बच्चों के लिए मुफ्त बीटेक कार्यक्रम भी शुरू किए जाएंगे। समझौते में शामिल प्रमुख घटक सीआरपीएफ के सभी रैंक के कर्मियों के बच्चों के लिए हर साल तीन मुफ्त सीटें दी जाएंगी। समझौता ज्ञापन पर सीआरपीएफ वेलफेयर एसोसिएशन की क्षेत्रीय अध्यक्ष सुश्री जेसी दिनकरन और एसआरएम के कुलपति डा. मुथमिज सेलवन ने दस्तखत किए व समझौता प्रपत्रों का आदान-प्रदान किया। इस मौके पर सीआरपीएफ के महानिदेशक एसएल थोसेन और सीडब्ल्यूए अध्यक्ष अजीता थाओसेन भी उपस्थित थे। इसके अलावा एक अन्य समझौता भी हुआ।




सीआईआई अध्यक्ष आर. दिनेश की राय

# निजी क्षेत्र में निवेश में बढ़ोतरी तय

■ आर्थिक वृद्धि दर 6.7 फीसद रहने की उम्मीद

नई दिल्ली (भाषा)।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष आर. दिनेश का मानना है कि निजी क्षेत्र के निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि कई प्रमुख क्षेत्रों में क्षमता इस्तेमाल पहले ही 80 प्रतिशत को पार कर चुका है और चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है, ऐसे में निजी क्षेत्र के निवेश में बढ़ोतरी निश्चित है।



■ मौद्रिक नीति में ब्याज दरों के मोर्चे पर यथास्थिति कायम रखेगा रिजर्व बैंक

उन्हों ने भरोसा जताया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) इस सप्ताह अपनी द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा में ब्याज दरों के मार्चे पर यथास्थिति कायम रखेगा। यह पूछे जाने पर कि सरकार निवेश बढ़ाने के लिए निजी कंपनियों पर दबाव क्यों बना रही है, सीआईआई अध्यक्ष ने कहा कि 2016 से 2019 के बीच की अवधि वृद्धि के लिए अच्छी नही थी और 2020 में कोविड महामारी थी।

उन्होंने कहा, 'परिस्थितियां हमारे नियंत्रण से बाहर थीं, जिससे मांग प्रभावित हुई। हम कोविड से बहुत तेजी से उबरे है।' उन्होंने कहा कि अब सुधार के संकेत दिख रहे है। सीआईआई के वार्षिक सीईओ सर्वेक्षण का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रों ने 75 प्रतिशत क्षमता उपयोग को पार कर लिया है और सीमेंट, इस्पात, रसायन और मशीनरी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में यह आंकड़ा 80 प्रतिशत है।

# WTC : द ओवल में भारत ने शुरू किया अभ्यास



**ओवल में प्रदर्शन**

| टीमें | ऑस्ट्रेलिया | भारत |
|---|---|---|
| टेस्ट | 38 | 14 |
| जीत | 07 | 02 |
| हार | 17 | 05 |
| ड्रॉ | 14 | 07 |

**ओवल में विराट बनाम स्मिथ**

| खिलाड़ी | स्मिथ | विराट |
|---|---|---|
| पारी | 05 | 06 |
| रन | 391 | 169 |
| शतक | 02 | 00 |
| अर्धशतक | 01 | 01 |

## भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला 7 से, दोनों टीमों ने कसी कमर, तैयारियां जोरों पर

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सात जून से खेले जाने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटसी) 2023 के फाइनल से पहले भारतीय टेस्ट टीम ने रविवार को द ओवल में अपना अभ्यास सत्र शुरू किया। भारत 7 से 11 जून तक डब्ल्यूटीसी फाइनल में द ओवल में ऑस्ट्रेलिया से खेलेगा। बीसीसीआई ने ओवल मैदान पर दौड़ते हुए खिलाड़ियों की तस्वीर साझा की। बीसीसीआई ने एक ट्वीट में कहा, हैलो फ्रॉम द ओवल। आईपीएल 2023 के खत्म होने के बाद इस खिताबी जंग के लिए कप्तान रोहित शर्मा समेत सभी खिलाड़ी इंग्लैंड पहुंच गए थे, ओवल से पहले टीम इंडिया अरुणडेल कासल क्रिकेट क्लब में प्रैक्टिस कर रही थी। बीसीसीआई ने 25 मई को अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से कहा था कि भारतीय टीम के सदस्य जैसे अक्षर पटेल, उमेश यादव, शार्दुल ठाकुर के साथ मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और अन्य सहायक स्टाफ सदस्यों ने अरुंडेल शहर के सुरम्य अरुंडेल कैसल क्रिकेट क्लब में अभ्यास शुरू कर दिया है। 29 मई को, इसने करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली, चेतेश्वर पुजारा, जयदेव उनादकट, मोहम्मद सिराज और रविचंद्रन अश्विन की तस्वीरें साझा कीं, जो अरुंडेल में सहायक स्टाफ के सदस्यों के साथ अभ्यास और बातचीत में लगे हुए थे। कप्तान रोहित शर्मा, इशान किशन और रिजर्व खिलाड़ी मुंबई के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 30 मई से अभ्यास सत्र में शामिल हुए। वहीं जडेजा, गिल, शमी, केएस भरत और रहाणे अहमदाबाद में आईपीएल के फाइनल में खेलने के बाद 1 जून को टीम से जुड़े।

# मेसी ने पीएसजी के लिए खेला अंतिम मैच

## आखिरी लीग-1 मैच में हारा पीएसजी, पहले ही जीत चुका हैं खिताब



**लियोनेल मेसी**

| | |
|---|---|
| मैच | 75 |
| गोल | 32 |
| अस्सिट | 35 |

**पेरिस ।** अर्जेंटीना को फीफा विश्वकप विजेता बनाने वाले कप्तान लियोनेल मेसी ने हार के साथ पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) को अलविदा कहा। पीएसजी को सीजन के अंतिम लीग-1 मैच में क्लेरमोंट के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा।

पीएसजी पहले ही फ्रांसीसी लीग का खिताब अपने नाम कर चुका हैं। 37 वर्षीय डिफेंडर रामोस ने मैच शुरू होने के 16 मिनट के बाद गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। किलियन एमबाप्पे ने पांच मिनट बाद इस सीजन में अपने 29वें लीग गोल के साथ बढ़त को दोगुना कर दिया। लेकिन इसके बाद क्लेरमोंट के जोहान गैस्टिएन और मेहदी जेफेन न और इसके बाद ग्रीजोन केई ने एक-एक गोल दागकर पीएसी को हारने पर मजबूर कर दिया।

### मेसी ने पीएसजी के लिए दागे 32 गोल

मेसी के रहते हुए पीएसजी ने इन दो सत्रों में दो बार फ्रांसीसी लीग और फ्रांसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के खिताब जीते। मेसी ने 2021-23 के बीच क्लब की तरफ से सभी प्रतियोगिताओं में 32 गोल किए और 35 गोल करने में मदद की। अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता कप्तान ने पीएसजी के साथ अपने अनुबंध को आगे नहीं बढ़ाया। उनके अब सऊदी अरब में खेलने की संभावना है।

### दर्शकों ने की हूटिंग, मेसी ने किया आभार व्यक्त

पीएसजी के समर्थकों ने पीएसी क्लब के लिए अंतिम मैच खेल रहे मेसी के प्रति किसी तरह का सम्मान नहीं दिखाया तथा जब उद्घोषक ने जब इस स्टार खिलाड़ी के नाम की घोषणा की तो दर्शकों ने उनकी हूटिंग की। इसके कुछ मिनट बाद मेसी ने मुस्कुराते हुए अपने तीन बच्चों के साथ मैदान पर प्रवेश किया। मेसी ने बाद में पीएसजी की वेबसाइट से कहा, मैं इन दो साल के लिए क्लब, पेरिस शहर और उसके लोगों का आभार व्यक्त करता हूं। मैं आपको भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

### एम्बाप्पे ने फ्रांसीसी लीग में पांचवीं बार जीता गोल्डन बूट



पीएसजी के स्ट्राइकर काइलियन एम्बाप्पे ने फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में रिकॉर्ड पांचवी बार गोल्डन बूट हासिल किया। एम्बाप्पे ने 29 गोल के साथ फांसीसी लीग में सर्वाधिक गोल किए। एम्बाप्पे ने सर्वाधिक गोल्डन बूट के मामले में फ्रांस के जीन पियरे पापिन और अर्जेंटीना के स्ट्राइकर कार्लोस बियांची और डेलियो ओनिस के रिकॉर्ड की बराबरी की।

## हिना ने अंडर-20 चैंपियनशिप में भारत को दिलाया पहला स्वर्ण



**येचिओन।** भारत की हिना मलिक ने रविवार को यहां एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में देश का पहला स्वर्ण पदक जीता।

मलिक ने 53.31 सेकंड में दौड़ पूरी करके यह उपलब्धि हासिल की। दूसरी ओर, भरतप्रीत सिंह ने पुरुषों की चक्का फेंक स्पर्धा में 55.66 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ टूर्नामेंट में भारत के लिए दूसरा स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने तीसरे प्रयास में सोना हासिल किया। इससे पूर्व, अंतिमा पाल ने महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में भारत को इस आयोजन का पहला पदक दिलाया था। उन्होंने 17 मिनट 17.11 सेकंड में दौड़ पूरी करते हुए कांस्य पदक जीता। अंतिमा की हमवतन बुशरा खान गौरी ने 18 मिनट 15.98 सेकंड में दौड़ पूरी करते हुए पांचवां स्थान हासिल किया। श्याम मिलन बिंद और शकील क्यू सोमवार को होने वाले पुरुषों के 800 मीटर फाइनल में भाग लेंगे। बिंद अपनी हीट में एक मिनट 52.6 सेकंड के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे, जबकि शकील एक मिनट 51.58 सेकंड के समय के साथ अपनी हीट में दूसरे स्थान पर रहे।

## हेजलवुड डब्ल्यूटीसी फाइनल से बाहर



**बेकनहम ।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज जोस हेजलवुड एड़ी की चोट के कारण भारत के खिलाफ सात जून से होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने रविवार को यह जानकारी दी। हेजलवुड की जगह माइकल नेसर को ऑस्ट्रेलिया की 15-सदस्यीय स्क्वाड में शामिल किया गया है। सीए ने कहा कि हेजलवुड ने हालिया अभ्यास सत्रों में गेंदबाजी जरूर की है लेकिन वह अभी भी बाईं एड़ी और पेट की मांसपेशियों (साइड स्ट्रेन) की समस्या से जूझ रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, जोस को हरी झंडी दिखाई जा सकती थी लेकिन हम सिर्फ इस मुकाबले को ध्यान में रखते हुए अपने आगामी मैचों को नहीं भूल सकते।

## अभिनव-गौतमी की भारतीय जोड़ी ने जीता स्वर्ण

**सुहल।** अभिनव शॉ और गौतमी भनोट की जोड़ी ने 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम इवेंट में भारत को आईएसएसएफ जूनियर निशानेबाजी विश्व कप में रविवार को दूसरा स्वर्ण दिलाया। भारतीय जोड़ी ने ओशिन मुलर और रोमेन औफ्रेरे की फ्रांसीसी जोड़ी के खिलाफ 17-7 से जीत हासिल की। भारत के नाम दो दिन की प्रतियोगिता के बाद अब विश्व कप से दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक हैं। भारत ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में क्रमश: संयम और अभिनव चौधरी और सुरुचि इंदर सिंह और शुभम बिस्ला के माध्यम से दो और पदक जीते, एक रजत और एक कांस्य पदक जीते।

## करीम बेंजेमा 14 साल बाद रियाल मैड्रिड छोड़ेंगे

**मैड्रिड।** करीम बेंजेमा सीजन के अंत में 14 साल बाद रियाल मैड्रिड को छोड़गे। स्पेनिश क्लब ने इसकी जानकरी दी। बेंजेमा 2009 में लियोन से स्पेनिश दिग्गज क्लब में शामिल हुए थे। उन्होंने रियाल मैड्रिड के लिए 657 मैचों में 353 गोल किए। बेंजेमा ने इस बार सभी प्रतियोगिताओं में 42 मैच खेलकर 30 गोल किए हैं तथा छह और असिस्ट किए हैं। वह 27 मई को रियाल मैड्रिड की सेविला पर 2-1 से जीत में शामिल नहीं थे, लेकिन रविवार रात को एथलेटिक बिलबाओ के खिलाफ सीजन के अपने अंतिम लीग मैच में खेल सकते हैं। 35 वर्षीय ने मैड्रिड के साथ पांच चैंपियंस लीग और चार ला लीगा खिताब जीते। कुल मिलाकर, उन्होंने रियल मैड्रिड के साथ कुल 25 प्रमुख खिताब जीते, जो क्लब के लिए एक रिकॉर्ड है।

## रेडबुल के मैक्स वर्स्टापेन ने जीती स्पेनिश ग्रांप्री

**मोंटमेलो।** रेडबुल के मैक्स वर्स्टापेन ने रविवार को स्पेनिश ग्रां प्री की ट्रॉफी जीती। वर्स्टापेन ने इस सीजन सात रेसों में पांच खिताब जीते है। यह उनके करियर की 40वीं जीत हैं। अब वह दिवंगत आर्यटन सेना के कुल 41वीं जीत से महज एक जीत दूर हैं। दो बार के गत चैंपियन ने पोल पॉजिशन से शुरुआत की और फेरारी के कार्लोस सेंज को पहले टर्न पर पछाड़ने के बाद उन्हें कोई चुनौती नहीं मिली। मर्सीडिज के लुईस हैमिल्टन दूसरे स्थान पर रहे जिससे वह इस सत्र में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी करने में कामयाब रहे। मर्सीडिज के ही साथी ड्राइवर जॉर्ज रसेल ने पोडियम में तीसरा स्थान हासिल किया।

## कुनलावुत वितिदसर्न ने जीता साल का दूसरा खिताब

**बैंकॉक।** थाईलैंड के कुनलावुत वितिदसर्न ने रविवार को अपने घरेलू टूर्नामेंट थाईलैंड ओपन 2023 के फाइनल में हॉन्ग कॉन्ग के ली चियुक यू को हराकर साल का दूसरा खिताब जीत लिया। इस साल भारत आकर इंडिया ओपन 2023 जीतने वाले वितिदसर्न ने खिताबी मुकाबले में ली चियुक को मात्र 38 मिनट में 21-12, 21-10 से मात दी। वितिदसर्न इस साल दो बीडब्ल्यूएफ टूर्नामेंट जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गये हैं। वितिदसर्न अपना घरेलू टूर्नामेंट जीतने वाले चौथे थाई शटलर भी बन गये हैं, जबकि उनसे पहले तानोंगसाक सैनसोमबूनसुक ने 2016 में थाईलैंड ओपन जीता था। इस जीत की बदौलत वितिदसर्न इस सप्ताह विश्व रैंकिंग में पांचवें से तीसरे स्थान पर भी आ जायेंगे। दूसरी ओर, दक्षिण कोरिया की आन सेयंग ने इस सीजन में महिला एकल फाइनल में अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी। लगातार सातवां फाइनल खेल रहीं सेयंग ने 49 मिनट के मैच मे तीसरी वरीयता प्राप्त हे बिंग जिओ को सीधे सेटो (21-10, 21-19) से हराया। यह इंडिया ओपन, इंडोनेशिया मास्टर्स और ऑल इंग्लैंड ओपन के बाद इस साल सेयंग का चौथा खिताब है।

## जूनियर नेशनल प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रहा मेजबान मध्यप्रदेश



**भोपाल।** जेएनसीटी खेल मैदान में बेसबॉल एवं सॉफ्टबॉल फेडरेशन इंडिया के तत्वधान में खेली जा रही दूसरी बीएसएफआई जूनियर नेशनल बेसबॉल एवं सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन खेले गए सॉफ्टबॉल बालिका वर्ग और बेसबॉल बालक वर्ग के मुकाबले खेले गए। सॉफ्टबॉल बालिका वर्ग फाइनल मुकाबले में उत्तराखंड ने पंजाब को 2-1 से हराकर फाइनल का खिताब अपने नाम किया। हार्डलाइन मुकाबले में मध्यप्रदेश की बालिकाओं ने राजस्थान को 1-0 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। बेसबॉल बालक वर्ग के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में राजस्थान ने बिहार को 13-03 के विशाल अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में उत्तराखंड ने दिल्ली को 6-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता सचिव सत्येंद्र सिंह सिवाच ने बताया कि आज पुरुष वर्ग के फाइनल एवं हार्डलाइन मुकाबले खेले जाएंगे।

## श्रीलंका की रनों के लिहाज से अफगानिस्तान पर सबसे बड़ी जीत



**हम्बनटोटा।** मैन ऑफ द मैच धनंजय डिसिल्वा (नाबाद 29 रन व तीन विकेट) और वानिंदु हसरंगा (नाबाद 29 रन व तीन विकेट) के दोहर प्रदर्शन की मदद से श्रीलंका ने दूसरे मैच में अफगानिस्तान को 132 रन से हराकर तीन मैचों की वनडे सीरीज में 1-1 से बराबर की। श्रीलंका की यह रन के लिहाज से अफगानिस्तान पर सबसे बड़ी जीत है। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाज करते हुए 50 ओवर में छह विकेट पर 323 रन बनाए। जबाव में अफगानिस्तान 42.1 ओवर में 191 रन पर सिमट गई। श्रीलंका के लिए कुसल मेंडिस ने 78 रन और दिमुथ करुणारत्ने (52) की अर्धशतकीय पारियां खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान के लिए इब्राहिम जदरान (54), कप्तानशाहिदी (57), रहमत शाह (36) ने मैच में संघर्ष किया लेकिन टीम 45 रन के अंदर आखिरी आठ विकेट गंवाकर ऑलआउट हो गई ।

## हाइपोटेंशन की है समस्या तो ये उपाय आएंगे काम

हाइपोटेंशन जिसे निम्न रक्तचाप के नाम से भी जाना जाता है, एक ऐसी मेडिकल कंडीशन है जिसमें व्यक्ति का ब्लड प्रेशर लेवल काफी कम हो जाता है। हाई ब्लड प्रेशर की ही तरह लो ब्लड प्रेशर भी व्यक्ति के लिए काफी हानिकारक हो सकता है। आमतौर पर, ब्लड प्रेशर की रीडिंग 120/80 मिमी एचजी होनी चाहिए। लेकिन जब आपका ब्लड प्रेशर 90/60 मिमी एचजी या फिर उससे भी कम होता है तो इसे लो ब्लड प्रेशर या हाइपोटेंशन माना जाता है। इस स्थिति में व्यक्ति को मेडिकल हेल्प की जरूरत होती है। इतना ही नहीं, हाइपोटेंशन से पीड़ित व्यक्ति अगर कुछ आसान उपाय अपनाता है तो इससे आपको काफी राहत मिल सकती है।

**बादाम का दूध–** ओमेगा 3 फैटी एसिड से भरपूर बादाम का दूध हाइपोटेंशन के इलाज में बेहद फायदेमंद है। सैचुरेटिड फैट और कोलेस्ट्रॉल की अनुपस्थिति के कारण इसे हाइपोटेंशन के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इसके लिए, थोड़े से बादाम को रात भर के लिए भिगो दें। इसे छीलकर पेस्ट बना लें। आप पेस्ट को गर्म पानी या दूध में मिला सकते हैं। अपने ब्लडप्रेशर के लेवल को मैनेज करने के लिए आप इसे नियमित रूप से लें।

**किशमिश–** किशमिश को हाइपोटेंशन को ठीक करने में मदद करने के लिए जाना जाता है। जब आप इसका नियमित रूप से लेते हैं तो इससे लो ब्लड प्रेशर की समस्या आसानी से मैनेज हो पाती है। इसके लिए आपको कुछ किशमिश को रात भर पानी में भिगो दें और सुबह खाली पेट इनका सेवन करें। निम्न रक्तचाप के स्तर को संतुलित करने के अलावा यह शरीर को ऊजार्वान बनाए रखेगा।

**नमक का पानी या नमकीन छाछ–** यूं तो अतिरिक्त नमक को सेहत के लिए अच्छा नहीं माना जाता है। लेकिन सोडियम का पावरहाउस होने के कारण यह ब्लड प्रेशर में एकदम से होने वाली गिरावट को ठीक करने में मदद करता है। एक गिलास नमकीन छाछ ब्लड प्रेशर के स्तर को तुरंत बढ़ा देगा। लेकिन यह ध्यान में रखना चाहिए कि आप इसे लंबे समय तक उपचार के रूप में इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं, क्योंकि यह प्रभावों को उल्टा कर सकता है। लगातार ऐसा करने से आपको हाई ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है।

**दालचीनी–** दालचीनी की स्टिक और पाउडर के कई हेल्थ बेनिफिट्स होते हैं। अगर किसी को लो और हाई ब्लड प्रेशर की समस्या है तो उसे दालचीनी का सेवन अवश्य करना चाहिए। यह सिस्टोलिक और डायस्टोलिक दोनों को बैलेंस करने में मददगार है। दालचीनी में पोटेशियम और मैग्नीशियम जैसे आवश्यक खनिज होते हैं। यह हार्ट रेट को भी रेग्युलेट करने में मदद करता है।

## दहिया चोट के कारण बाहर



**बिश्केक।** टोक्यो ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट पहलवान रवि दहिया ने घुटने की चोट के कारण रविवार को बिश्केक रैंकिंग सीरीज से नाम वापस ले लिया। यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने कहा, भारतीय कोचिंग स्टाफ के अनुसार, रवि को बिश्केक में अभ्यास करते हुए घुटने में चोट लग गई। भारतीय पहलवान पिछली बार 10 महीने पहले बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान मैट पर उतरे थे, जहां उन्होंने 57 किग्रा फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक जीता था। वह इस बार अपने हमवतन पंकज और अमन सहरावत के साथ 61 किग्रा में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। इसी बीच, पंकज ने ज्योर्जिया के गियोर्गी गोनियेशविली को 8-2 से हराकर क्वॉर्टरफाइनल में जगह बनाई।

**टेनिस टूर्नामेंट** सर्बियाई खिलाड़ी ने पॉल वेरिलस को हराकर राफेल नडाल का रिकॉर्ड तोड़ा

# जोकोविच 17वीं बार फ्रेंच ओपन के क्वॉर्टर फाइनल में



**पेरिस।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने 17 वीं बार फ्रेंच ओपन के क्वॉर्टर फाइनल पहुंचकर जगह राफेल नडाल का रिकॉर्ड तोड़ा। इससे पहले नडाल ने 16 बार फ्रेंच ओपन के अंतिम-आठ में जगह बनाई थी।

फ्रेंच ओपन 2016 व 2021 के खिताबी विजेता जोकोविच ने लगभग दो घंटे तक चले अंतिम-16 के मुकाबले में जॉन पॉल वेरिलस को 6-3, 6-2, 6-2 से हराया। जोकोविच ग्रैंड स्लैम में 55वीं बार क्वॉर्टर फाइनल में पहुंचे है। इस मामले में वह सिर्फ महान खिलाड़ी रोजर फेडरर (58 बार ) से पीछे है। महिलाओं के वर्ग में अनास्तासिया पाव्लुचेंकोवा और करोलिना मुचोवा क्वॉर्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रही। फ्रेंच ओपन 2021 की उपविजेता पाव्लुचेंकोवा ने 28वीं रैंकिंग की खिलाड़ी एलिस मर्टेंस को 3-6, 7-6, 6-3 से हराया। मुचोवा ने एलिना अवनेस्यान को 6-4, 6-4 से हराया।

### खचानोव ने रखा अंतिम-आठ में कदम, जोकोविच से होगी भिड़ंत

रूस के कारेन खचानोव ने अपना विजय रथ आगे बढ़ाते हुए प्री-क्वार्टरफाइनल में इटली के लोरेंजो सोनेगो को 1-6, 6-4, 7-6 (9-7), 6-1 से हराकर क्वॉर्टरफाइनल में कदम रखा। खचानोव ने इससे पहले अमेरिकी ओपन 2022 और ऑस्ट्रेलियाई ओपन 2023 के क्वॉर्टरफाइनल में भी जगह बनायी थी। इस बार शीर्ष-आठ मुकाबले में खचानोव का सामना 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सर्बिया के नोवाक जोकोविच से होगा।

# पौधरोपण को बढ़ावा देने घर में बनाया बीज बैंक



लातूर (महाराष्ट्र), (एजेंसी)। महाराष्ट्र के लातूर जिले में 36 वर्षीय शिवशंकर चापूले ने पौधारोपण को बढ़ावा देने और लोगों को हरियाली की महत्ता को लेकर जागरूक करने के लिए अपने घर में एक बीज बैंक बनाया है।जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने लातूर की रीनापुर तहसील के इस प्रकृति प्रेमी की लोगों को निशुल्क बीज उपलब्ध कराने की पहल की प्रशंसा की और कहा कि कई छात्रों तथा नागरिकों ने पौधे लगाने के लिए उससे प्रेरणा ली है।

**3 साल से अभियान जारी, 5,000 लोगों और कुछ एनजीओ को बीज उपलब्ध कराए:** चापूले ने तीन साल पहले यह पहल शुरू करने से लेकर अब तक 5,000 लोगों और कुछ एनजीओ (गैर-सरकारी संगठनों) को बीज उपलब्ध कराने का दावा किया है। वह पौधारोपण के

### महाराष्ट्र में प्रकृति प्रेमी शिवशंकर चापुले की पहल

लिए प्रेरित करने के साथ ही लोगों को वायु प्रदूषण और वैश्विक ताप वृद्धि के हानिकारक असर के बारे में भी बताते हैं। बीज बैंक में पौधों के संरक्षण के लिए बीजों का भंडारण किया जाता है।

सोमवार को पांच जून को 'विश्व पर्यावरण दिवस' से पूर्व से बातचीत में चापूले ने कहा कि उन्होंने अपना घर बीज बैंक में बदल दिया है, जहां स्वदेशी पौधों और वृक्षों के 150 से अधिक किस्मों के बीज हैं। एक निजी गैस एजेंसी में काम करने वाले चापूले ने कहा कि उन्होंने तीन साल पहले यह बीज बैंक शुरू किया था, जिसके जरिये वह लोगों को ऐसे पौधा लगाने के लिए निशुल्क बीज उपलबध करा रहे हैं, जो स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए लाभकारी होते हैं। उन्होंने कहा कि बीज बैंक का उद्देश्य वृक्षारोपण बढ़ाना और स्वदेशी पौधों/वृक्षों के बारे में जागरूकता पैदा करना है, क्योंकि दुनियाभर में प्रदूषण और तापमान का स्तर बढ़ रहा है तथा औद्योगिकीकरण और आबादी में वृद्धि के कारण हरित क्षेत्र तेजी से कम हो रहे हैं।

### बचपन से प्रकृति प्रेम

चापूले ने 12वीं कक्षा तक पढ़ाई की है और वह बचपन से ही प्रकृति प्रेमी रहे हैं। चापूले प्लास्टिक की बोतलों का पुनः इस्तेमाल करने को लेकर भी जागरूकता पैदा कर रहे हैं। वह कबाड़ में फेंकी गई बोतलें इकट्ठा करते हैं और बीजों का भंडार करने के लिए उनका इस्तेमाल करते हैं। चापूले ने कहा कि मैं बीज एकत्रित करने के लिए हर सुबह पास में स्थित एक जंगल में जाता हूं। मैं लोगों को डाक सेवा के जरिये भी निशुल्क बीज उपलब्ध कराता हूं।

## चीन में लैंडस्लाइड 14 लोगों की मौत

चेंगदू (एजेंसी)। दक्षिण-पश्चिम चीन के सिचुआन प्रांत के लेशान शहर में रविवार को लैंडस्लाइड आया, जिसकी चेपट में आने से 14 लोगों की मौत हो गई। लोकल पब्लिसिटी विभाग ने बताया कि पांच लोग अभी लापता हैं।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, शहर के जिन्कौहे जिले के योंगशेंग टाउनशिप के एक वन फार्म में सुबह करीब छह बजे यह हादसा हुआ। 180 से अधिक लोगों की एक बचाव टीम अभी भी लापता लोगों की तलाश कर रही है।

## विपक्षी दलों की 12 जून को होने वाली बैठक 23 को

पटना, (एजेंसी)। इस महीने की 12 तारीख को होने वाली विपक्षी दलों की बैठक को फिलहाल टाल दिया गया है। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस और डीएमके के अनुरोध पर फिलहाल इस बैठक को टाला गया है। यह बैठक अब 23 जून को होगी।इस बैठक में 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति पर चर्चा करने की बात की जा रही थी। बता दें कि नीतीश कुमार ने संयुक्त विपक्ष की बैठक बुलाई थी, जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर अहम रणनीति पर चर्चा होने की संभावना थी। सूत्रों के अनुसार इस बैठक में अहम फैसला लिए जाने की संभावना है।

## एर्दोगान ने ली तीसरी बार राष्ट्रपति पद की शपथ



अंकारा, (एजेंसी)। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगान ने संसद में शनिवार को पद की शपथ ली और आधिकारिक रूप से आगामी पांच वर्षों के लिए अपना तीसरा कार्यकाल शुरू किया। राष्ट्रपति एर्दोगान ने तीसरी बार राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद अपने पहले भाषण में नया संविधान पेश करने का संकल्प लिया।

## चीन के शेनझोउ-15 के अंतरिक्ष यात्री सुरक्षित लौटे

जिउक्वान, (वार्ता)। चीन के शेनझोउ-15 अंतरिक्ष यान में सवार तीन अंतरिक्ष यात्री अपने छह महीने के अंतरिक्ष स्टेशन मिशन को पूरा करने के बाद रविवार को सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर लौट आए। चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार शेनझोऊ-15 अंतरिक्ष यात्री फी जुनलॉन्ग, डेंग क्विंगमिंग और झांग लू को लेकर सुबह छह बजकर 33 मिनट पर (बीजिंग समय) पर उत्तरी चीन के आंतरिक मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र में डोंगफेंग लैंडिंग साइट पर उतरा। एजेंसी ने घोषणा की कि सभी अंतरिक्ष यात्री स्वस्थ है और शेनझोउ-15 मानवयुक्त मिशन सफल रहा। अंतरिक्ष यात्रियों को यान के सामने कुर्सियों पर बिठाया गया।

## धीरेन्द्र शास्त्री ने किए बदरी विशाल के दर्शन

बद्रीनाथ, (एजेंसी)। बागेश्वर धाम वाले बाबा पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने रविवार को में बैकुंठ माने जाने वाले उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित बद्रीनाथ पहुंच कर भगवान बदरी विशाल के विशाल के दर्शन किये। भगवान नारायण के दर्शन के साथ साथ पंडित धीरेन्द्र शास्त्री बद्रीनाथ में आयोजित हो रही श्रीमद्भागवत के श्रवण के लिए भी पहुंचे हैं । रविवार को पंडित धीरेन्द्र शास्त्री हेलीकॉप्टर से बद्रीनाथ हेलीपैड पर पहुंचे। यहां पर उनका स्वागत बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने बद्रीनाथ की पवित्र तुलसी माला से किया।

## तीन साल बाद महबूबा मुफ्ती को मिला पासपोर्ट

श्रीनगर, (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीरकी पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती को तीन साल बाद पासपोर्ट जारी किया गया। महबूबा ने संवाददाताओं से पुष्टि की कि उन्हें पासपोर्ट अधिकारी से पासपोर्ट मिल गया है। दिल्ली हाई कोर्ट ने मार्च में पासपोर्ट अधिकारियों को महबूबा को पासपोर्ट पर फैसला करने के लिए तीन महीने का समय दिया था। जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा मार्च 2021 में एक प्रतिकूल रिपोर्ट का हवाला देने के बाद महबूबा को पासपोर्ट से वंचित कर दिया गया था।

## आज का इतिहास


- 1659: मुगल शासक औरंगजेब आधिकारिक रूप से दिल्ली की गद्दी पर बैठा।
- 1953: डेनमार्क में आज ही के दिन नया संविधान लागू हुआ।
- 1961: भारत के प्रसिद्ध टेनिस प्रशिक्षक और पूर्व टेनिस खिलाड़ी रमेश कृष्णन का जन्म।
- 1967: इजरायल ने मिस्र पर हमला कर उसके करीब चार सौ लड़ाकू विमान नष्ट कर दिए।
- 1972: उत्तर प्रदेश राज्य के 21वें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्म।
- 1984: पंजाब के अमृतसर में सिखों के धर्म स्थल स्वर्ण मंदिर में भारतीय सेना ने ऑपरेशन ब्लू-स्टार को अंजाम दिया।
- 1989: ईरान के धार्मिक नेता अयातुल्लाह रोहेल्लाह खुमैनी का निधन।
- 1990: सोवियत संघ के आखिरी राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचोव को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया ।

# ताइवान पर यूएस-चीन में तकरार

## अमेरिकी वॉरशिप के सामने आया ड्रैगन का जहाज, पिछले हफ्ते फाइटर जेट्स से बढ़ा था तनाव

वाशिंगटन (एजेंसी)। ताइवान की समुद्री सीमा में तैनात अमेरिकी वॉरशिप और चीन का मिलिट्री शिप आमने-सामने आ गए। दोनों जहाज महज 150 मीटर की दूरी पर थे। इसके बाद चीन का जहाज वहां से निकल गया। पिछले हफ्ते चीन का एक फाइटर जेट इसी इलाके में अमेरिका के स्पाय जेट के सामने आ गया था। अमेरिका के डिफेंस मिनिस्टर लॉयड ऑस्टिन ने कहा- हम नहीं चाहते कि किसी तरह का टकराव हो। अगर ऐसा होता है तो अमेरिका जवाब देने का हक रखता है।

**अमेरिका ने कहा- ये उकसावे वाली हरकत:** हिंद महासागर पर नजर रखने वाली अमेरिकी नेवी की यूएस इंडो-पैसेफिक कमांड ने बयान में कहा- चीन के नेवी शिप का हमारे वॉरशिप के सामने आ जाना सिर्फ यह साबित करता है कि चीन टकराव चाहता है। अगर ऐसा है तो अमेरिका जवाब जरूर देगा। एक हफ्ते में



दूसरी बार चीन की तरफ से उकसावे वाली हरकत की गई है। कमांड के बयान में आगे कहा गया- शनिवार शाम चीन का नेवी शिप जिस तरह से हमारे वॉरशिप के सामने आया, वो साफ तौर पर उकसावे वाली हरकत थी। ऐन वक्त पर बड़ा टकराव टल गया। इस क्षेत्र में अमेरिकी नेवी वॉरशिप के साथ कनाडाई वॉरशिप भी था। हमारे वॉरशिप ने चीन के नेवी शिप को देखकर स्पीड कम कर दी थी। अगर ऐसा न होता तो जहाज टकरा सकते थे।

### हफ्ते में दूसरी बार टकराव

पिछले हफ्ते चीन के लड़ाकू विमान ने साउथ चाइना सी के ऊपर इंटरनेशनल एयरस्पेस में उड़ रहे अमेरिकी जासूसी विमान को रोक दिया। चीन के एफ-16 प्लेन ने 26 मई को अमेरिकी विमान के कॉकपिट के ठीक सामने उड़ान भरी। इसकी वजह से यूएस आरसी-135 स्पाई प्लेन में टर्बुलेंस आ गया।

### चीन की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा

अमेरिका में मौजूद चीनी एम्बेसी के स्पोक्सपर्सन लियू पेंग्यू ने कहा- अमेरिका कई बार चीन की निगरानी के लिए अपने विमान और जहाज तैनात करता रहता है। ये चीन की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। अमेरिका को ये हरकतें रोकना होंगी।

### यूएस से लड़ाई में मचेगी तबाही: शांगफू

सिंगापुर, (एजेंसी)। चीन के डिफेंस मिनिस्टर ली शांगफू ने अमेरिका से चल रही तनातनी के बीच सिंगापुर में चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने दोनों देशों के बीच बातचीत की अहमियत पर जोर देने की बात कही है। शांगफू ने कहा कि अगर चीन और अमेरिका में लड़ाई हुई तो पूरी दुनिया में खतरनाक तबाही मचेगी। शांगरी- ला डायलॉग में उन्होंने कहा कि चीन और अमेरिका के बीच का फर्क इतना बड़ा नहीं होना चाहिए की वो किसी मुद्दे पर सहमत नहीं हो पाएं।

### नेवी कमांड ने कहा- पीछे नहीं हटेगा अमेरिका

अमेरिकी नेवी कमांड ने ये भी साफ कर दिया है वो चीन की इन हरकतों का जवाब देने के लिए तैयार है और किसी भी मामले में पीछे हटने का सवाल ही नहीं है। बयान में कहा गया- जमीन, आसमान या समंदर। जहां भी इंटरनेशनल बॉर्डर हैं, हम वहां पहले की तरह मिलिट्री एक्टिविटीज जारी रखेंगे। किसी भी मामले में पीछे हटने का तो सवाल ही पैदा नहीं होता।हैरानी की बात ये है कि समंदर में इतना बड़ा खतरा या कहें टकराव टलने के बावजूद चीन ने अब तक कोई रिएक्शन नहीं दिया है। इस मामले से दूरी बरतते हुए चीन के एक नेवी अफसर ने कहा- कुछ देश समंदर में तनाव पैदा कर रहे हैं। इससे इलाके के अमन खराब हो सकता है। कई खतरे पैदा हो सकते हैं।

### स्नान मंडप में जगन्नाथ मंदिर की चतुर्धा मूर्तियां



ओडिशा के पुरी में रविवार को देबा स्नान पूर्णिमा के अवसर पर स्नान मंडप में भगवान जगन्नाथ मंदिर की चतुर्धा मूर्ति (भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा के साथ सुदर्शन) की मूर्तियां।

## 11 जून को पार्टी की रैली को संबोधित करेंगे बृजभूषण

लखनऊ, (एजेंसी)। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह अब 11 जून को अपने निर्वाचन क्षेत्र कैसरगंज के कटरा इलाके में पार्टी की एक रैली को संबोधित करेंगे।रैली का आयोजन 2024 के चुनाव के लिए बीजेपी के महासंपर्क अभियान के तहत किया जा रहा है। अयोध्या रैली रद्द करने के बाद सिंह अब अपने लोकसभा क्षेत्र में भाजपा की रैली को संबोधित करेंगे। सिंह ने इससे पहले अयोध्या में अपनी 5 जून की जन चेतना महारैली को स्थगित करने की घोषणा की थी, जिसमें एक नाबालिग सहित सात महिला पहलवानों द्वारा उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की पुलिस जांच का हवाला दिया गया था।उन्होंने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट के कड़े निर्देश है। शुक्रवार को एक फेसबुक पोस्ट में बृजभूषण सिंह ने कहा, समाज में फैली बुराई को देखते हुए 5 जून को अयोध्या में संत सम्मेलन आयोजित करने का फैसला किया गया था। लेकिन अब जबकि पुलिस आरोपों की जांच कर रही है, ऐसे में सुप्रीम कोर्ट के कड़े निर्देशों का सम्मान करते हुए जन चेतना महारैली, अयोध्या चलो कार्यक्रम को कुछ दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया है।

## Filmi तड़का

### अवॉर्ड्स को शाह ने बताया लॉबिंग, कहा- फिल्मफेयर ट्रॉफी से बने हैं फार्महाउस के वॉशरूम हैंडल



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता नसीरुद्दीन शाह अक्सर अपनी फिल्मों और किरदार के साथ ही साथ अपने बेबाक बयानों के लिए भी चर्चा में रहते हैं। नसीरुद्दीन शाह के खाते में कई ऐसे रोल्स हैं, जिनके दम पर उन्होंने दर्शकों के साथ ही साथ कई अवॉर्ड्स जीते हैं। हालांकि नसीर को अवॉर्ड्स से कोई फर्क नहीं पड़ता है और फिल्म फेयर अवॉर्ड्स को तो उन्होंने बतौर वॉशरूम के हैंडल के तौर पर इस्तेमाल करवाया है। इस बारे में खुद नसीरुद्दीन ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया है। नसीरुद्दीन शाह के पास कई अवॉर्ड्स हैं, जिन में पार, स्पर्श और इकबाल के लिए तीन नेशनल अवॉर्ड और आक्रोश, चक्र और मासूम के लिए तीन फिल्मफेयर अवॉर्डस भी शामिल हैं। हालांकि वो किसी भी अवॉर्ड के बारे में ज्यादा सोचते नहीं हैं और मानते हैं कि ये फिल्म इंडस्ट्री की लॉबिंग का हिस्सा है। नसीरुद्दीन शाह ने इस बारे में खुलकर बात की, जिसे सुनकर सभी हैरान हैं। आप कैसे एक को चुनते हैं? इंटरव्यू में नसीरुद्दीन शाह से अवॉर्ड्स के बारे में पूछा गया कि क्या ये सच है कि उन्होंने अवॉर्ड्स को घर में दरवाजों के हैंडल के तौर पर इस्तेमाल किया है? इस पर नसीरुद्दीन शाह ने हंसते हुए कहा, कोई भी अभिनेता जिसने किसी भूमिका को निभाने में अपना जीवन और प्रयास लगा दिया है, वह एक अच्छा अभिनेता है। यदि आप बहुत से एक व्यक्ति को चुनते हैं और कहते हैं कि यह इस साल का सर्वश्रेष्ठ अभिनेता है, तो यह कैसे उचित है?



### परवीन बाबी का किरदार निभाएंगी उर्वशी रौतेला



### एक्ट्रेस बोलीं- बॉलीवुड फेल हुआ, लेकिन मैं प्राउड फील करवाऊंगी

मुंबई। उर्वशी रौतेला जल्द ही दिवंगत एक्ट्रेस परवीन बाबी की बायोपिक में नजर आएंगीं। इस बीच रविवार को एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर अपकमिंग फिल्म से जुड़ा अपडेट शेयर किया। फिल्म की स्टोरी लाइन शेयर करते हुए उर्वशी ने नए प्रोजेक्ट की कंफर्मेशन दी, वहीं पोस्ट के जरिए उन्होंने बॉलीवुड पर निशाना भी साधा। दरअसल उर्वशी ने फिल्म की स्क्रिप्ट शेयर की है, जिसपर लिखा है- फिल्म बाय वसीम एस खान। इसके आगे पन्ने पर बोल्ड लेटर्स में परवीन बाबी का नाम लिखा हुआ है। साथ ही दो पैराग्राफ हैं, जिसमें लिखा है कि ये फिल्म एक्ट्रेस के करियर के साथ-साथ उनकी पर्सनल लाइफ के बारे में बताएगी। उनके सुनहरे पलों को पर्दे पर दिखाएगी। पोस्ट शेयर करते हुए उर्वशी ने लिखा- बॉलीवुड फेल हो गया, लेकिन मैं आपको प्राउड फील कराऊंगी। ऊं नमः शिवाय। नई शुरुआत के जादू पर भरोसा करें। फैंस उर्वशी को परवीन बाबी के किरदार में देखने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं। फिल्म की स्क्रिप्ट के पहले पेज पर परवीन बाबी के पेरेंट्स और उनकी जिंदगी के शुरुआती सफर के बारे में लिखा हुआ है। इसमें बताया गया है कि परवीन उनके माता-पिता की शादी के 14 साल बाद पैदा हुई थी, जिस कारण वो अपने पेरेंट्स की लाड़ली थीं। उर्वशी का पोस्ट सोशल मीडिया पर बेहद सुर्खियों में है। एक फैन ने कमेंट सेक्शन में लिखा- परवीन बाबी पर फिल्म बनाने के लिए शुक्रिया।

# सुरजेवाला को कोर्ट से झटका

## 23 साल पुराने केस में गैर जमानती वारंट जारी



चंडीगढ़, एजेंसी। कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला को उत्तर प्रदेश की कोर्ट से झटका लगा है। यूपी के बनारस की स्पेशल (एमपी-एमएलए) कोर्ट ने 23 साल पुराने एक मामले में गैर जमानती वारंट जारी किया है। इस मामले में अगली सुनवाई अब 9 जून को की जाएगी। कोर्ट ने इस मामले में सख्त टिप्पणी करते हुए कहा है कि हाईकोर्ट के आदेश पर आरोपी को न्याय हित में पहले ही लास्ट चांस दिया जा चुका है।

मामला साल 2000 का है। सुरजेवाला उस समय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। उन पर वाराणसी में संवासिनी कांड में कांग्रेस नेताओं के ऊपर लगे कथित झूठे आरोप के विरोध में हंगामा करने के लिए मामला दर्ज किया गया था। सुरजेवाला 21 अगस्त, 2000 को वाराणसी में आयोजित एक प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे थे, जिसमें कथित झूठे आरोप के खिलाफ प्रदर्शन किया था।

### सरकारी संपत्ति को हुआ नुकसान

सुरजेवाला के द्वारा किए जाने वाले प्रदर्शन के दौरान उनके समर्थकों के द्वारा कथित तौर पर संपत्ति को नुकसान पहुंचाया, पथराव किया और लोक सेवकों को उनके कर्तव्यों का निर्वहन करने से रोका। सुरजेवाला और अन्य के खिलाफ वाराणसी के कैंट थाने में आपराधिक मामला दर्ज किया गया था। फिलहाल, इनके खिलाफ वाराणसी के एमपी-एमएलए कोर्ट में ट्रायल चल रहा है।

## महिला से बोला, मैडम क्या फिगर है, मामला दर्ज

मुंबई, (एजेंसी)। मुंबई की सेशन कोर्ट ने रियल स्टेट कंपनी में काम करने वाले दो कर्मचारियों को जमानत देने से मना कर दिया। इन पर ऑफिस में एक महिला कलीग के फिगर पर कमेंट करने का आरोप है। कोर्ट ने कहा, ऑफिस में किसी महिला कलीग से कहना कि, उसका फिगर अच्छा है और उसने खुद को काफी मेंटेन कर रखा है। यह सेक्सुअल हैरेसमेंट की कैटेगरी में आता है। सेशन कोर्ट के जज खान ने पिछले हफ्ते दो ऑर्डर दिए थे। आदेश में उन्होंने कहा, इस केस में कई पहलू हैं जिससे आरोपियों की हिरासत में पूछताछ जरूरी है। अगर इन्वेस्टिगेटिंग ऑफिसर ऐसा नहीं करते हैं तो उनसे पूछताछ का अधिकार छीन लिया जाएगा। केस की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों को अग्रिम जमानत पर रिहा नहीं किया जा सकता। पीड़ित महिला रियल इस्टेट कंपनी में फ्रंट ऑफिस एक्जीक्यूटिव के तौर पर काम करती है। ऑफिस के ही 42 साल के असिस्टेंट मैनेजर और 30 साल के सेल्स मैनेजर काफी वक्त से उसे परेशान कर रहे थे।

**कोर्ट ने कहा- ये सेक्सुअल हैरेसमेंट है..**

## ईयू में शामिल होने की चाह में मोल्डोवा, रूस का दबदबा भारी

टेम्पा (अमेरिका),(एजेंसी)। यूरोप महाद्वीप के सबसे गरीब देश मोल्डोवा के पूर्व में यूक्रेन और पश्चिम में यूरोपीय संघ (ईयू) के देश स्थित हैं। ऐसे में यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध के लिहाज से इसकी स्थिति वास्तव में संवेदनशील है। लेकिन पूर्व सोवियत गणराज्य का हिस्सा रहा मोल्डोवा लगातार यह संकेत दे रहा है कि वह ईयू से जुड़ना चाहता है। मोल्डोवा की राजधानी चिशिनाउ के दक्षिणपूर्व में स्थित मिमी कैसल में एक जून, 2023 को यूरोपीय नेताओं की राजनीतिक बैठक हुई, जिसमें यूरोप की सुरक्षा और स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करते हुए चर्चा हुई। रूस के खिलाफ युद्ध में पश्चिमी देशों से मदद की गुहार लगा रहे यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की भी बैठक में हिस्सा लेने वाले नेताओं में शामिल रहे। मोल्डोवा की पश्चिम के प्रति झुकाव रखने वाली सरकार ने आरोप लगाया है कि रूस ने ईयू में मोल्डोवा का प्रवेश रोकने का प्रयास किया।

## चीन ने हॉन्ग कॉन्ग में की सख्ती 23 लोकतंत्र समर्थकों की गिरफ्तारी



**तियानमेन स्कवायर की 34वीं बरसी**

हांगकांग, (एजेंसी)। चीन के तियानमेन चौक जनसंहार की बरसी पर पुलिस ने हॉन्ग कॉन्ग को लोकतंत्र समर्थक आंदोलनकारियों को गिरफ्तार करना शुरू कर दिया है। हालांकि इसके बावजूद दर्जनों लोगों ने लोकतंत्र के समर्थन में हॉन्ग कॉन्ग और दुनिया के कुछ हिस्सों में कैंडल मार्च निकाला। हॉन्ग कॉन्ग में जिन लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है, उनमें 67 साल के एलेक्जेंड्रा वॉन्ग भी शामिल हैं,जो 'ग्रैंडमा वॉन्ग' के नाम से भी चर्चित हैं। उन्हें विक्टोरिया पार्क के नजदीक गिरफ्तार किया गया, जहां दशकों से पुलिस निगरानी रखती आई है। वहीं हॉन्ग कॉन्ग के मुख्य विपक्षी दल के नेता को भी हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस ने 23 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## उत्तराखंड में फिर टूटा ग्लेशियर, चार रेस्क्यू, महिला यात्री लापता

देहरादून, (एजेंसी)। उत्तराखंड में एक बार फिर ग्लेशियर टूटा है। हेमकुंड साहिब यात्रा रूट के पास 13 में अटला कोटि के पास रविवार देर शाम 6 बजे ग्लेशियर टूटा है। ग्लेशियर टूटने से पांच तीर्थ यात्री बर्फ की ढेर में दब गए थे। सूचना मिलते ही प्रशासन, एसडीआरएफ टीमें रेस्क्यू करने में जुट गई। बर्फ के ढेर में दबे चार तीर्थ यात्रियों को रेस्क्यू किया गया है, जबकि एक महिला तीर्थ यात्री लापता है। मालूम हो कि चार धाम यात्रा के शुभारंभ होने के साथ ही मप्र, दिल्ली-एनसीआर, यूपी सहित देश के कई राज्यों से तीर्थ यात्री दर्शनार्थ आ रहे हैं।

## गृह मंत्री शाह से मिले बजरंग, साक्षी-विनेश

- गृहमंत्री से बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग की
- पूनिया ने महापंचायत को फैसला लेने से रोका

रोहतक, (एजेंसी)। भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग कर रहे रेसलर्स विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुलाकात की है। यह मुलाकात शनिवार देर रात करीब 11 बजे हुई है। करीब 2 घंटे तक अमित शाह के निवास मीटिंग चली।

### हम किसी को नहीं बचा रहे...: खेल मंत्री ठाकुर

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि हमने पहलवानों से पूछकर ही कमेटी का गठन किया था। कमेटी ने निष्पक्ष जांच की। कमेटी ने 14 मीटिंग्स की। जिसमें हर खिलाड़ी को अपनी बात रखने का अवसर मिला। जब रिपोर्ट आई तो हमने दिल्ली पुलिस को इसे सौंप दिया। बृजभूषण शरण सिंह की अब तक गिरफ्तारी न होने पर उन्होंने कहा- हम किसी को नहीं बचा रहे।

## मुस्लिम देशों को बेचा 15 लाख हिंदू महिलाओं का डेटा

जयपुर, (एजेंसी)। ऑनलाइन लेडीज अंडरगारमेंट विक्रेता कंपनी जिवामी की वेबसाइट हैक कर 15 लाख हिंदू महिलाओं का पर्सनल डेटा चुरा लिया है। इसमें उनके मोबाइल नंबर, एड्रेस, जन्मतिथि, ईमेल आईडी और अंडरगारमेंट की साइज तक शामिल है। ये डेटा जयपुर, जोधपुर या राजस्थान की महिलाओं का नहीं बल्कि देशभर का है। उदयपुर में बैठे युवक संजय सोनी ने वारदात को अंजाम दिया। उसने हैकर्स संग मिलकर न केवल डेटा चुराया बल्कि कंपनी को डेटा की एवज में पैसे देने ब्लैकमेल कर रहा था।

# अंदरूनी छिड़काव से सुरक्षित होगी जिले की दो लाख आबादी

## जल्द ही पूरा हो जाएगा आईआरएस छिड़काव, 8 ब्लाक के 46 गांवों के 33000 घरों में है छिड़काव का लक्ष्य

प्रखर कुशीनगर। कालाजार नियंत्रित करने के उद्देश्य से पहले चरण का छिड़काव अंतिम दौर में है। जल्द ही छिड़काव का काम पूरा करा लिया जाएगा। इस अंदरूनी विशिष्ट छिड़काव से जनपद की दो लाख आबादी को सुरक्षित करने का प्रयास है। यह गतिविधि कालाजार प्रभावित आठ ब्लाकों के कुल 46 गांवों में जारी है। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.सुरेश पटारिया ने दी। डॉ पटारिया ने बताया कि जिले में कालाजार प्रभावित आठ ब्लॉक हैं। इसमें सेवरही , विशुनपुरा, रामकोला, नेबुआ नौरंगिया, कुबेरस्थान, कसया, दुदही, तथा तमकुही शामिल हैं। इन आठ ब्लाकों के 46 गांवों में 33000 घरों में छिड़काव कराने का लक्ष्य है। इसके लिए कुल 11 टीम लगाई गई है। हर टीम में छह श्रमिक हैं। उन्होंने बताया कि कालाजार उन्मूलन के लिए प्रभावित गांवों में छिड़काव साल भर में दो बार कराया जाता है। पहले चरण का छिड़काव अब



जल्द ही पूरा करा लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कालाजार बीमारी दो प्रकार की होती है एक वीएल (कालाजार) ( विससेरल लिसमोनियासिस) तथा पीकेडीएल ( चमड़ी कालाजार) पोस्ट कालाजार डरमल लिसमोनियासिस) कहते हैं।उन्होंने बताया कि छिड़काव से पहले श्रमिकों व आशा को प्रशिक्षित किया गया है। घर व गोशालों में छह फीट की ऊंचाई तक छिड़काव कराया जाता है। इस कार्य में आशा कार्यकर्ता का भी सहयोग रहता है। छिड़काव के 1-2 दिन पहले ही आशा ग्रामीणों को सूचित कर देती हैं। छिड़काव का विरोध करने वालों को समझाया भी जाता है। सीएमओ ने बताया कि कालाजार उन्मूलन के लिए स्वास्थ्य विभाग सतर्क है। मरीजों को त्वरित जांच व उपचार देने प्रभावित गांवों में छिड़काव और निरोधात्मक कार्य के लिए मलेरिया विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। कार्ययोजना बनाकर पहले चरण का छिड़काव हो रहा है। छिड़काव अब जल्द ही पूरा करा लिया जाएगा।

**छिड़काव से कम हुआ कालाजार का प्रभाव**- सीएमओ ने बताया कि आईआरएस छिड़काव से कालाजार का प्रभाव अब कम होने लगा है। वर्ष 2022 में जहां नौ ब्लॉक, 60 ग्राम पंचायत व 2.62 लाख की आबादी प्रभावित थी, वहीं वर्ष 2023 में आठ ब्लॉक, 46 ग्राम पंचायत और दो लाख की आबादी प्रभावित हुई है। वर्ष 2022 में जहां 41520 घरों में छिड़काव कराया गया था, वहीं वर्ष 2023 में 33000 घरों में छिड़काव का लक्ष्य है।

**कालाजार और चमड़ी कालाजार की वर्षवार स्थिति**

वर्ष-कालाजार--चमड़ी कालाजार

2018----46-----31
2019----32----17
2020----16----12
2021----15----26
2022----7------13
2023----3------3

**दस कमरे में कराया छिड़कावः** ग्राम पंचायत बिहार बुजुर्ग के कटहरी बाग टोले की निवासीनी धर्मावती देवी( 45) ने बताया कि छिड़काव सुपरवाइजर उमेश यादव ने एक दिन पहले बताया कि कालाजार से बचाव के लिए घर में छिड़काव होगा। घर में रखा सामान या तो बाहर निकाल दिजिए या ठीक से ढक दिजिए। छिड़काव टीम आई तो उनके मकान के सभी दस कमरों में छिड़काव किया। यह भी बताया कि यह छिड़काव साल में दो बार किया जाता है।

## अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस व सूबे के मुखिया का ग्रामीणों को फलदार वृक्ष देकर मनाया गया जन्मदिवस

प्रखर गंभीरपुर /आजमगढ़। अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस तथा प्रदेश के सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री पूज्य महाराज योगी आदित्यनाथ जी के जन्मदिवस के शुभ अवसर पे दीदारगंज विधानसभा के अंतर्गत ग्रामसभा-चकडेड़वानी में बाल योगी के स्वरूप में सभी क्षेत्रवासियों के द्वारा मिष्ठान खिलाकर आम,अमरूद और फलदार पौधों का वितरण किया गया। विधानसभा में 5000 पौधे वितरण किया जा रहा है सभी ग्रामवासियों ने संकल्प लिया है कि जितनी आयु उतने पेड़ लगाएंगे तथा उनकी सुरक्षा करने का निर्णय लिया।आर्यमगढ़ सेवा समिति के द्वारा प्रत्येक वर्ष यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है।कार्यक्रम में अरुणाकर सिंह (हैप्पी), इतेश कुमार यशपाल,चंद्रशेखर,राजेश,भोला चौहान तथा सभी क्षेत्रवासी सम्मिलित रहे।




## संक्षिप्त खबरें

### हर्बल पेड़ पौधे भी पर्यावरण को करते हैं संतुलित




प्रखर जलालपुर जौनपुर। जलालपुर क्षेत्र के रेहटी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर मे विश्व पर्यावरण के अवसर पर हर्बल पौधे लगाए गये। सोमवार को दोपहर मे अस्पताल के परिसर मे अधीक्षक डाक्टर आलोक कुमार सिंह के अगुआई मे डाक्टर विनय सिंह, एचईओ राकेश चौबे और फार्मासिस्ट शैलेन्द्र सिंह ने मिलकर हर्बल प्रजाति के लौंग, बेल, अर्जुन, नीम के कुल दस पौधे लगाए गये। डॉक्टर विनय सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य लाभ के लिए आयुर्वेदिक औषधिय पेड़ पौधों से पर्यावरण को संतुलित किया जा सकते हैं। इस अवसर पर डाक्टर प्रवीण कुमार, डाक्टर रंजना राय, दिनेश सिंह प्रदीप तिवारी, जयहिंद, स्वपन सिंह रहें।

### मेमू ट्रेन को बदलापुर विधायक रमेश मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



प्रखर बदलापुर (जौनपुर)। श्रीकृष्णा नगर- सुल्तानपुर-उतरेटिया) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ट्रेन के संचालन से क्षेत्रवासियो को लखनऊ- सुल्तानपुर- वाराणसी की यात्रा करने में सुगमता मिलेगी। यह ट्रेन शिवपुर झ उतरेटिया जाते समय सुबह 6:15 बजे श्रीकृष्णानगर रेलवे स्टेशन पहुंचेगी और उतरेटिया से वापसी करते समय रात्रि में 9:15 पहुंचेगी।विधायक रमेश मिश्रा ने रेल मंत्री का हृदय से आभार व्यक्त किया। मेमू ट्रेन के विस्तार से रेल यात्रियों ने रेल प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। रेल यात्री आदित्य प्रताप सिंह, चेयरमैन सीमा सिंह अनिल पाण्डेय, अनिल सिंह शक्ति, जय कुमार सिंह , ताज मोहम्मद आदि लोगों ने बताया कि मेंमू ट्रेन चलने से वाराणसी से लखनऊ जाने वाली शटल ट्रेन में भीड़ कम होगी। उद्घाटन समारोह में मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा , गंगा प्रसाद सिंह ,अनिल सिंह शक्ति,आदित्य प्रताप सिंह ,वैभव सिंह ,जय कुमार सिंह, साहबलाल कन्नौजिया, उन्नत सिंह आदि लोग मौजूद थे।

### कबीर की एक एक वाणी से बहती थी संवैधानिक मूल्यों की धारा



प्रखर महराजगंज (जौनपुर)। छेत्र के लमहन स्थित श्रद्धेय रवींद्र कुमार गौतम उर्फ पप्पू के आवास पर रविवार को संत कबीर दास जी की जयंती का आयोजन कबीर भक्त श्रद्धेय जयराम भगत जी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमे बुद्धिस्ट इंडिया ट्रस्ट श्रद्धेय शेरबहादुर गौतम ने बताया की आज से हजारों वर्ष पूर्व इस देश में जब छुआछूत भेदभाव , उत्पीड़न अपनी चरम सीमा पर था तब कबीर दास जी अपनी अपने विचारो दोहों तथा रचनाओं से समता, स्वतंत्रता , न्याय और बंधुता बढ़ाने का आंदोलन छेड़ा था जिसे हमारे संविधान निमार्ताओं ने उसमे कानूनी जामा पहनाने का काम किया , संत कबीरदास जी ने कहा था की कबीरा खड़ा बाजार में मांगे सबकी खैर ना काहू से दोस्ती ना काहू से बैर बुरा जो देखन मैं चला बुरा ना मिलया कोय ज्यों ढूढा मन आपनो तो हमसे बुरा ना कोय लोगो में बंधुता प्रेम बढाने के लिए उन्होंने कहा था की प्यार पेड़ो या खेतो में नही उगता या फिर बाजारों में नही मिलता प्यार पाने के लिए झुकना होता है और प्यार पाने के लिए बिना शर्त प्यार देना आना चाहिए कबीर दास जी के तमाम विचारो को संवैधानिक मूल्यों से जोड़ते हुए उपस्थित समस्त सैकड़ों महिलाओं पुरुषो और बच्चो में कबीर के प्यार से पोषित , बाबा साहब द्वारा निर्मित भारतीय संविधान की उद्देशिका वितरित की गई तथा संविधान के मूल्यों को आत्मसात करने हेतु लोगो को संविधान की उद्देशिका का शपथ दिलाया गया ।

### पर्यावरण दिवस पर भारतीय बास्केट बॉल टीम के कप्तान ने लगाया पेड़

प्रखर वाराणसी। भारतीय बास्केटबॉल टीम के कप्तान तथा अर्जुन अवॉर्डी विशेष भृगुवंशी ने उदय प्रताप कॉलेज के बास्केटबॉल कोर्ट पर पेड़ लगाकर स्वच्छ पर्यावरण स्वच्छ काशी का संदेश दिया है। वृक्षारोपण का कार्यक्रम जिला बास्केटबॉल संघ तथा राजर्षि क्लब द्वारा स्वर्गीय राकेश सिंह जी, पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी की द्वितीय पुण्यतिथि तथा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया था। इस अवसर पर जिला बास्केटबॉल संघ के उपाध्यक्ष श्री राघवेन्द्र सिंह, रामपाल सिंह, विद्या शंकर सिंह,अजय सिंह,विवेक श्रीवास्तव,आशुतोष सिंह,मनीष सिंह,सुरेश यादव आदि खेल प्रेमी तथा सैकड़ों खिलाड़ी मौजूद थे। यह जानकारी संयुक्त सचिव विभोर भृगुवंशी ने दी है।



## मछलीशहर गौरव से सम्मानित हुए तामिर हसन शीबू




प्रखर जौनपुर। जिले के युवा पत्रकार तामीर हसन शिबू को मछली शहर गौरव सम्मान से सम्मानित होते ही समाज के प्रबुद्ध वर्ग ने खांसी प्रसन्नता जताई है। हर आम और खास की आवाज बने 35 वर्षीय इस नौजवान ने महज सात वर्ष की अपनी पत्रकारिता में वह उच्च मुकाम हासिल कर लिया, जिसे पाने के लिए लोग लंबा समय गुजार देते हैं। वजह यह है कि पत्रकार बनना और फिर पत्रकारिता करना, दोनों ही रास्तों में काफी अंतर है । तामीर हसन उस रास्ते पर चले जहां हमेशा कांटे और दुश्वारियां भरी राहें रही। तमाम विपरीत परिस्थितियों में भी इस नौजवान के कदम कभी पीछे नहीं हटे। इसी अटल संकल्प और दृढ़ विश्वास ने जौनपुर ही नहीं पूर्वांचल के विभिन्न जिलों में दर्जन भर से अधिक सम्मान हासिल कर चुके हैं। मछलीशहर गौरव सम्मान" का कार्यक्रम कुछ इसी तरह अनूठा रहा। मछलीशहर तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र कुमार सिंह ने तामीर हसन शीबू को सम्मानित करने के लिए ज्यों ही उनका नाम पुकारा। उपस्थित जनों ने जोरदार तालियों के साथ उनके हौसले को पंख दिया। अध्यक्षता कर रहे दिनेश चंद्र सिन्हा (वरिष्ठ अधिवक्ता) ने अपने शब्दों में कहा कि महज सात वर्ष की पत्रकारिता में इस नौजवान ने जिले में अपनी खास पहचान बनाई है। तमाम विपरीत परिस्थितियों में भी कभी समझौता न करने वाले इस साहसी नौजवान को मेरा बहुत-बहुत आशीर्वाद। कार्यक्रम का संचालन अनुराग सिन्हा ने किया । इस मौके पर आर.पी.सिंह (अध्यक्ष-मछलीशहर पत्रकार संघ) , डॉ सीपी मिश्र, प्रिय अनिल पाण्डेय , आरपी सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## औद्योगीकरण के दौर में पर्यावरण के बारे में सोचना बेहद जरूरी- एसडीएम

जौनपुर। केराकत तहसील परिसर में सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर में एसडीएम की अगुवाई में पौधरोपण किया गया। इसमें पीपल, बरगद, पाकड़ नीम व आम के पौधे लगाए गए। इस दौरान एक विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम नेहा मिश्रा रही। एसडीएम नेहा मिश्रा ने कहा कि आज के औद्योगीकरण के दौर में पर्यावरण के बारे में सोचना बेहद जरूरी है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई व रहन सहन में आए बदलाब की वजह से पर्यावरण को पिछले कुछ दशकों में काफी नुकसान हुआ है। इसकी वजह से अब दुनियाभर के इकोसिस्टम में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि कम से कम 10 पौधे लगाकर उसका संरक्षण करें। इस दौरान तहसील में आए हुए फरियादियों ने भी प्रतिभाग किया तथा इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने पर खुशी जताई। महिलाओं एवं बच्चों के द्वारा भी वृक्षारोपण कराया गया और सभी तहसील कर्मियों को पर्यावरण सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर तहसीलदार महेंद्र बहादुर सिंह, नायब तहसीलदार अमित सरोज, नायब तहसीलदार वीरेंद्र यादव, नायब तहसीलदार हुसैन अहमद, लेखपाल संघ अध्यक्ष चंद्रमोहन यादव, प्रिंस सिंह, नवीन सिंह, दुर्गेश यादव, दिलीप कुमार, पंकज यादव, श्रीनिवास दुबे सहित अन्य राजस्व कर्मी उपस्थित रहे।



## नहर पर नया पूल बनवाने के लिये भाकियू (अ) के कार्यकर्ताओं ने सहायक अभियंता कार्यालय पर सौंपा ज्ञापन



प्रखर कुशीनगर। बताते चले कि जनपद कुशीनगर के कप्तानगंज तहसील अन्तर्गत ग्रामसभा देवरियाबाबू में रामपुर बगहां राजवाहा रेलवे ढ़ाला 94 अउ से लगभग 100 मीटर की दूरी, दक्षिण दिशा में विगत कई वर्ष पूर्व एक पूल का निर्माण हुआ था मगर किन्ही कारणवश उक्त पूल पर लिन्टर नही लगने के वजह से किसानों को अपने खेतीबारी में आने-जाने तथा खेतों से फसलों को लाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। आज दिनाँक 05 जून 2023 को भारतीय किसान यूनियन (अम्बावता) की जिला इकाई, कुशीनगर के जिलाध्यक्ष रामचन्द्र सिंह किसानों की समस्या को देखते हुए अपने कार्यकताओं के साथ अधिशासी अभियन्ता से सम्बोधन ज्ञापन सहायक अभियन्ता (2), सिचाई विभाग, रामकोला में आफिस सुपरिंटेंडेंट सचिदानंद पटेल के साथ सिंचाई विभाग, रामकोला के जिलेदार रामबृक्ष प्रसाद गुप्ता को सौंपते हुए माँग किए है कि, निमार्णाधिन पूल के जगह पर एक नया पूल का निर्माण कराया जाय जो किसान हित के साथ-साथ जनहित में भी होगा। इस मौके पर यूनियन के जिला सचिव चेतई प्रसाद, रणधीर सिंह, हर्षवर्धन सिंह, जवाहर प्रसाद, रामप्रीत प्रसाद, श्रीराम मौर्य, सूरज कुमार खटीक, सन्नू प्रसाद, विजय कुमार, लालू, मैनुद्दीन अंसारी, सुरेश प्रसाद, दिपू मौर्या,राधे,मन्नू प्रसाद के साथ अन्य कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे।

## प्रेमी से मिलवाने के नाम पर झांसा देकर नाबालिक से दुष्कर्म

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गत शनिवार 3 जून को सैदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक द्वारा मकान मालिक के सहयोग से एक नाबालिक लड़की को उसके प्रेमी से मिलवाने के लिए घर बुलाया। इसके बाद जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के संबंध में पीड़ित के परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज की जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मुख्य आरोपी युवक और मकान मालिक को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार गत शनिवार को सैदपुर थाना अंतर्गत एक गांव में दुष्कर्म की घटना घटित हुई। जिसमें गांव के ही निवासी वीरू उर्फ बृजेश अपने ही गांव की एक नाबालिक लड़की को उसे मिलवाने के नाम पर अपने दोस्त परमेश्वर के घर बुला लिया। जहां नाबालिक के पहुंचने पर उसके साथ रेप किया तथा पीड़िता को यह बात किसी से ना बताने की धमकी भी दी।

## संघ शिक्षा वर्ग के स्वयं सेवकों ने सुल्तानपुर की सड़कों पर निकाला पथ संचलन

प्रखर सुल्तानपुर। संघ शिक्षा वर्ग द्वितीय वर्ष सामान्य एवं विशेष का संयुक्त रुप से रविवार को सुल्तानपुर की सड़को पर पथ संचलन निकला गया। पथ संचलन में सैकड़ों की संख्या में स्वयं सेवक ने भाग लिया। बतादे कि सुल्तानपुर में आयोजित हो रहे संघ शिक्षा वर्ग द्वितीय वर्ष (सामान्य) में 190 और संघ शिक्षा वर्ग द्वितीय वर्ष (विशेष) में 175 कार्यकर्ता प्रशिक्षण ग्रहण कर रहे हैं। दोनों वर्गो का एक ही परिसर में प्रशिक्षण चल रहे हैं। वर्ग संघ कार्य विस्तार व कार्यकताओं के प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रशिक्षण वर्ग लगाता है। बताते चलें कि पिछले कई वर्षों से संघ समाज में परिवर्तन के लिए नई-नई गतिविधियां संचालित कर रहा है। उनमे प्रौढ़ शाखाओं के संचालन, जागरण श्रेणी, गतिविधि तथा सेवा कार्यों के संचालन के लिए कार्यकर्ता निर्माण करने के लिए वर्ग लगाये जाते हैं। वही द्वितीय वर्ष सामान्य के वर्ग में 18 से 40 वर्ष की आयु के कार्यकर्ता प्रशिक्षण के लिए जाते हैं। वहीं जिनकी आयु 40 वर्ष से ऊपर होती है, उन्हें द्वितीय वर्ष विशेष के वर्ग में भेजा जाता है। सामान्य व विशेष के वर्ग में शारीरिक कार्यक्रम अलग-अलग होते हैं। इसके अलावा अन्य कार्यक्रम एक ही जैसे आयोजित होते हैं। विशेष वर्ग में अधिक आयु के कार्यकर्ता होने के कारण उनसे शारीरिक कार्यक्रम कम कराया जाता है।





## शिक्षकों की समस्याओं का समाधान न करने के कारण महानिदेशक स्कूल शिक्षा के खिलाफ धरने का राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने किया ऐलान

### महानिदेशक स्कूल शिक्षा के खिलाफ सात चरणों में होगा आंदोलन, महानिदेशक के खिलाफ संघर्ष हेतु प्रदेश के प्रत्येक जनपद में होगा संघर्ष समितियों का गठन

प्रखर वाराणसी। जनपद एवं प्रदेश के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की पदोन्नति,तबादला,उपार्जित अवकाश, प्रतिकर अवकाश, पुरानी पेंशन बहाली,केंद्र के समान पेंशन मेमोरेंडम जारी करने, राज्य कर्मचारियों की तरह कैशलेश चिकित्सा सुविधा, परिषदीय प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों को शिक्षक विधायक चुनने हेतु मत देने का अधिकार देने, शिक्षा मित्रों अनुदेशकों का मानदेय बढ़ाने व उन्हें शिक्षकों की तरह अवकाश की व्यवस्था देने,रसोइयों को 10 महीने के बजाय 11 महीने का मानदेय देने जैसी मांगों को लेकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरण आनंद को प्रदेश एवं जनपद स्तर से ज्ञापन देकर समस्या समाधान की लगातार मांग किया लेकिन उनके द्वारा इन मांगों के समाधान की दिशा में कोई कदम न उठाने के कारण राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने जिले से लेकर प्रदेश तक चरणबद्ध आंदोलन का एलान किया है।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश संयुक्त मंत्री एवं वाराणसी के जिलाध्यक्ष शशांक कुमार पाण्डेय ने बताया कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ महानिदेशक स्कूल शिक्षा के खिलाफ अपना आंदोलन सात चरणों में करेगा। पहले चरण में जिला स्तर पर संघर्ष समितियों का गठन होगा। दूसरे चरण में आठ जून को महानिदेशक को आखिरी चेतावनी ज्ञापन दिया जाएगा। तीसरे चरण में 20 जून को विद्यालय अवधि के बाद प्रत्येक जिले में बीएसए को ज्ञापन देकर 21 जून को बीएसए कार्यालय तक मार्च निकाला जाएगा तथा 22 जून को बीएसए कार्यालय पर धरना दिया जायेगा।

चौथे चरण में 10 से 12 जुलाई तक प्रदेश संघर्ष समिति तथा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्यों द्वारा प्रदेश मुख्यालय पर धरना दिया जायेगा । पांचवें चरण में 25 जुलाई से 25 अगस्त तक पूरे प्रदेश में मंडलवार आंदोलन किया जायेगा । छठवें चरण में 11 सितंबर से 18 अक्तूबर तक प्रदेश मुख्यालय पर प्रदेश संघर्ष समिति के नेतृत्व में प्रतिदिन दो-दो जिलों की जिला संघर्ष समिति के सदस्यों के साथ धरना किया जायेगा तथा सातवें चरण में नवंबर के प्रथम सप्ताह में प्रदेश भर के शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों एवं रसोइयों के साथ विशाल प्रादेशिक धरना करते हुए विधानभवन का घेराव किया जाएगा। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी के जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश के संयुक्त मंत्री शशांक कुमार पाण्डेय "शेखर" ने बताया कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा के खिलाफ होने जा रहे उपरोक्त आंदोलन हेतु वाराणसी की जिला संघर्ष समिति का ऐलान 6 जून 2023 को जिला एवं ब्लाक कार्यसमिति की बैठक के बाद किया जायेगा।

## पत्रकार विकास परिषद के तत्वावधान में गौरव सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

प्रखर जौनपुर। पत्रकार विकास परिषद के तत्वावधान में पत्रकार विकास परिषद जौनपुर अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश मिश्रा व महामंत्री ऊर्जावान पत्रकार अनिल कुमार पाण्डेय द्वारा मछलीशहर गौरव सम्मान समारोह के भव्य आयोजन में जिले के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। मछलीशहर गौरव सम्मान समारोह का आयोजन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जौनपुर पत्रकार संघ शशि मोहन सिंह क्षेम द्वारा सम्पन्न हुआ। बताते चलें कि पत्रकार विकास परिषद पत्रकारों के हित में कार्य करने वाली 2021 की एक पंजीकृत संस्था हैं, जिसका उद्देश्य पत्रकारों के हित की रक्षा करना, यदि इस संस्था के किसी भी सदस्य के साथ भविष्य में कोई घटना या दुर्घटना घटित होती हैं तो उनको संस्था द्वारा आर्थिक मदद करना हैं। इस संस्था के सदस्यों को पांच लाख रुपए तक का मेडिकल सुविधा एवं पांच लाख रुपए तक दुर्घटना बीमा उपलब्ध कराना हैं। आवश्यकता पड़ने पर संस्था के प्रत्येक सदस्य को कानूनी सहायता उपलब्ध कराना। यह संस्था भारत के विभिन्न प्रदेशों जैसे उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान सहित अन्य राज्यों में पत्रकारों के हित की रक्षा के लिए कार्य कर रही हैं। समय समय पर संस्था द्वारा सामाजिक कार्यों में सहभागिता की जाती हैं। समाज में अच्छा कार्य करने वाले लोगों के लिए गौरव सम्मान समारोह आयोजित किया जाता है। इसी क्रम में दिनांक 04/06/2023 रविवार को मछलीशहर गौरव सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। मछलीशहर गौरव सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि शैलेन्द्र कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, अति विशिष्ट अतिथि आचार्य राकेश कुमार पाण्डेय ज्योतिष विज्ञान व वास्तुशास्त्र विशेषज्ञ, एवं विशिष्ट अतिथियों में राजेश कुमार चौरसिया उपजिलाधिकारी मछलीशहर, अतर सिंह क्षेत्राधिकारी मछलीशहर, दिनेश चन्द्र सिन्हा वरिष्ठ अधिवक्ता, मूसा राम तहसीलदार मछलीशहर व राम सूरत दुबे पूर्व आई0ए0एस0 पूर्व आयुक्त मुरादाबाद मण्डल, बद्री प्रसाद सिंह पूर्व आई0जी0 उपस्थित रहें।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं